Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 34 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अच्छे लोग दूसरों के लिए जीते हैं, जबकि दुष्ट लोग दूसरों पर जीते हैं।

Good People live for others while the bad people live on others.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## आयुर्वेद मर्मज्ञ वैद्य राज सुशील कुमार जैन दिवंगत



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** देश के ख्याति प्राप्त आयुर्वेद मर्मज्ञ वैद्य राज सुशील कुमार जैन का आज 97 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया।

उनका जाना आयुर्वेद जगत, जैन समाज एवं संपूर्ण मानव जाति के लिए अपूर्णनीय क्षति है।

**विशेष कवरेज पृष्ठ 4 पर** प्रकाशित किया गया है।

-संपादक

### मुख्यमंत्री ने दुलदुला में विकास कार्यों की दी सौगात

## जनता के हित में विकास कार्य होंगे सांय-सांय : सीएम विष्णुदेव साय



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं, नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और जनहित में जो भी कार्य हैं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय होंगे। आप लोगों के विधायक को प्रदेश के नेतृत्व का जिम्मा मिला है। लोकसभा में आपने मोदी को गारंटी पर भरोसा जताया और छत्तीसगढ़ से 10 सीट में जीत मिली। अभी 7 महीने ही सरकार बने हुए हैं। हमारी सरकार ने 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1 हजार राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया गया है। रामलला दर्शन योजना से प्रभु श्री राम के दर्शन का लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने दुलदुला में व्यवस्थित सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए की घोषणा की। उन्होंने दुलदुला में बस स्टैंड, मिनी इंडोर स्टेडियम, हायर सेकंडरी स्कूल के भवन और दुर्गा पंडाल के लिए 10 लाख रूपए की मंजूरी की घोषणा की। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने सोकोड़ीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, शारदा धाम के लिए जमीन, एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए काम हो रहा है। बीते दिनों मितानिनों के लिए राशि जारी की है।

## मुख्यमंत्री साय ने जशपुर में किया पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत जशपुर जिले में पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 10 हितग्राही महिलाओं को अमरूद का पौधा व संदेश पत्र भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीवनदायिनी धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली पीढियों को अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरणादायी अभियान, ''एक पेड़ माँ के नाम'' की शुरुआत की है। हमारी सभी माताओं-बहनों को एक पौधा भेंट कर रहा हूँ। यह पौधा प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी के साथ ही उससे हमारे अटूट संबंध को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे से हमें प्राण वायु मिलता है। जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। पौधरोपण से पर्यावरण में सुधार होता है और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन मिलता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हितग्राही अनिता लकड़ा को अमरूद का पौधा सौंपते हुए पूछा कि पौधा कहां पर लगाएंगे।




राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर

कॉल : 9827143060/8871003060

Ajay 9827144371


## डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं: राहुल गांधी

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले से बहुत चिंतित हूँ। ऐसे कृत्यों की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने ट्रंप के चिकित्सकों से बात की है और वो ठीक ठाक हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से मैं चिंतित : प्रधानमंत्री मोदी





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से मैं बहुत चिंतित हूँ। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। साथ ही प्रधानमंत्री ने हमले में मारे गए या घायल हुए लोगों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की। उन्होंने आगे लिखा- हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

बता दें, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक चुनावी रैली में गोली मारी गई। अगले ही दिन रिपब्लिकन पार्टी औपचारिक रूप से उन्हें व्हाइट हाउस के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने वाली थी। उससे ठीक एक दिन पहले उन पर हत्या का प्रयास किया गया। गोली लगने के बाद ट्रंप ने अपने चेहरे के दाहिने हिस्से को टच किया और फिर जमीन पर गिर पड़े। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें बचाने के लिए खुद को उन पर झोंक दिया। जब वे उठे, तो एजेंट उन्हें अंदर ले गए। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने ने कहा, मुझे एक गोली लगी जो मेरे दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी।

## नई शिक्षा नीति हजारों साल पुरानी संस्कृति और भाषाओं से भी छात्रों को जोड़ेगी : अमित शाह

### केंद्रीय गृह मंत्री ने मप्र के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की



**इंदौर ( आरएनएस )।** मध्य प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रविवार को बड़ी सौगात मिली। इंदौर में आयोजित समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने हम सबके लिए एक लक्ष्य रखा है, वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 साल होंगे, तब तक हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व भर में प्रथम होगा, ऐसे भारत का निर्माण करना है। ऐसा शिक्षा नीति को मजबूत किए बगैर नहीं हो सकता, इसीलिए पीएम मोदी ने वर्ष 2020 में आगामी 25 साल की जरूरत को पूरा करने वाली सभी चीजों को विजुलाइज करके नई शिक्षा नीति बनाई। यह नई शिक्षा नीति आगामी 25 सालों तक भारत के विद्यार्थियों को विश्व भर के विद्यार्थियों के साथ स्पर्धा के योग्य बनाएगी और दूसरी ओर हजारों साल पुरानी हमारी संस्कृति और भाषाओं के साथ भी विद्यार्थियों को जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे देश में अगर सबसे पहले नई शिक्षा नीति कहीं जमीन पर उतरी तो वह मध्य प्रदेश है। पूरे देशभर में इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस का अभ्यास क्रम अगर किसी राज्य ने अपनी भाषा में अनुवादित किया तो वह मध्य प्रदेश ने किया था। इससे बहुत सारे गरीब बच्चों को मातृभाषा में उच्च शिक्षा, मेडिकल साइंस और इंजीनियरिंग का ज्ञान लेने में लाभ मिला है। आज 500 करोड़ की लागत से कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ हो रहा है।

## डिप्टी सीएम अरुण साव तथा केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सियान सदन भवन का किया लोकार्पण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने आज मुंगेली जिले के रामगढ़ में आनंदाश्रम परिसर में नवनिर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण किया। रामगढ़ में करीब 20 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन का निर्माण किया गया है जिसमें एक हाल, दो कक्ष और दो शौचालय हैं। कार्यक्रम में आनंदाश्रम के 17 वृद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# श्री चंद्रप्रभ् दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ भव्य आगाज़, 8 अर्घ्य समर्पित कर प्रारंभ हुई सिद्धो की आराधना

















**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अनन्तानन्त सिद्ध परमेष्ठि भगवान की महा आराधना का शुभ सौभाग्य, पुण्य अवसर, अष्टान्हिका महापर्व में श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान करने-कराने का सातिशय महत्व है। महासती मैनासुंदरी, कोटिभट्ट श्रीपाल जिसके जीवंत उदाहरण हैं, मैना सुंदरी ने भक्तिभाव पूर्वक सिद्धचक्र चक्र विधान करके अपने पति श्रीपाल को कोढ रोग से मुक्ति दिलाई थी। इसी कड़ी मे आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य ब्र सुनील भैया के कुशल मार्गदर्शन मे श्री चन्द्रप्रभ् दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर के श्रावको को अषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

अष्टाह्निका महापर्व के प्रथम दिवस 14 जुलाई 2024 को श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर रायपुर में सिद्धों की आराधना के महापर्व श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ समाधिस्थ 108 श्री विद्यासागर जी महाराज की पुण्य स्मृति में परम पूज्य 108 विद्या शिरोमणि आचार्य 108 समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से ब्रह्मचारी सुनील भैया जी के मंगल सानिध्य में सह प्रतिष्ठाचार्य श्री नितिन जैन पंडित जी के कुशल संचालन में अत्यंत धूमधाम एवं उत्सव पूर्वक विधान का शुभारंभ किया गया।

### जो भी कार्य आनंद की अनुभूति से किया जाए वही सच्चा धर्म है : ब्रहमचारी सुनील भैया जी

प्रात: कालीन श्री जी के मंगल अभिषेक शांति धारा के पश्चात भव्य शोभा यात्रा, घट यात्रा निकाली गई। जिसमें 4 वर्ष के नन्हे बच्चे बच्चियों अष्ट कुमारी देवियों, लौकांतिक देवों से लेकर 80 वर्ष के महिलाओं पुरुषों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। घट यात्रा संपन्न होने पश्चात सकलीकरण, शुद्धिकरण जाप संकल्प आदि क्रियाएं संपन्न हुई।

रायपुर नगर के प्रतिष्ठित श्रावक श्रेष्ठी परिवार श्रीमान विनोद कुमार जी बड़जात्या सपरिवार एवं श्रीमान नरेंद्र जी जैन गुरु कृपा सपरिवार उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम का मंगल प्रारंभ ध्वजारोहण के द्वारा किया। ध्वजारोहण की मांगलिक क्रियाएं संपन्न होने पश्चात आदरणीय ब्रह्मचारी सुनील भैया जी के मंगल प्रवचन हुए जिसमें भैया जी ने बतलाया भक्ति की विधा सीखना चाहिए धर्म वृद्धि हेतु प्रभु से मांगा जाए तो वह कामना भगवान सदैव पूर्ण करते हैं। भक्ति का अर्थ सिर्फ पूजन आदि क्रियाओं में ही नहीं अपितु व्यवस्था करने वाले, चटाई बिछाने, द्रव्य व्यवस्था बनाने इस प्रकार के कार्य में भी भक्ति समाहित होती है यदि इन सभी कार्य में करने वाले को आनंद की अनुभूति हो।

आज आठ अर्घ्य समर्पित कर सिद्ध भगवान की आराधना का अनुष्ठान आरंभ हुआ, अत्यंत भक्ति भावपूर्वक विधान पूजा प्रारंभ हुई जिसमें प्रमुख सौधर्म इंद्र इंद्राणी, कुबेर इंद्र इंद्राणी, महायज्ञ नायक नायिका, श्रीपाल राजा मैना सुंदरी एवम अन्य समाज जनों द्वारा मंडल पर अर्घ्य समर्पित किये गए एवं भव्य संगीतमय जयमाला आरती द्वारा आज की पूजा सम्पन्न हुई। श्रावको द्वारा 1 लाख जाप संकल्प भी लिया गया।

इस आठ दिवसीय आयोजन में सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य श्रीमान मनीष सोनल जी जैन, श्रीमान सनत कुमार शोभा जी जैन चूड़ी वाले श्रीमान महेंद्र कुमार जैन चूड़ी वाले परिवार, श्रीमान प्रदीप कुमार मीना जी जैन, श्रीमान आजाद कुमार सुधा जी जैन, श्रीमान डॉक्टर प्रदीप नीना जी जैन, श्रीमान अमित शैली जैन, श्रीमान संदीप ऋचा जैन, श्रीमान विजय छाया कस्तूर, श्रीमान अमित रिया गोयल, श्रीमान सुजीत विनीता जी जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

आज विधान के शुभारंभ पर सौ धर्मेंद्र बनने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य श्रीमान मनीष सोनल जी जैन एवं श्रीमान सनत कुमार शोभा जी जैन चूड़ी वाले परिवार को प्राप्त हुआ, महायज्ञ नायक बनने का सौभाग्य ब्रहमचारी श्री सुनील भैया जी एवं कमला देवी जैन मौसी जी को प्राप्त हुआ, कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य श्री विनय-श्रीमती पूजा जैन को प्राप्त हुआ, मैना सुंदरी एवं श्री पाल जी बनने का सौभाग्य श्रीमती सुधा-आजाद जैन एवं श्रीमती किरण बंडी- श्री संदीप बंडी परिवार को प्राप्त हुआ।

-विजय जैन कस्तूरे



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली नगर में चातुर्मास हेतु गणनी आर्यिका सौभाग्यमती माता जी भव्य मंगल आगमन



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन वैशाली नगर मंदिर का इस वर्ष का सौभाग्य रहा की स्थानीय जैन पंचायत को वर्षा योग हेतु आर्यिका रत्न गणनी सौभाग्यमती माता जी ससंघ सानिध्य का लाभ धर्म प्रभावना का सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ, आज प्रातः काल की बेला में माताजी ससंघ के मंगल आगमन पर स्थानीय समाज ने मंगल मय अगुवाई की इस अवसर पर समाज के सभी साधर्मीयो का उत्साह आनंद देखते बनता था जगह-जगह जय घोष के नारे वन्दामि ,इच्छामि माताजी बोल सभी ने दर्शन लाभ प्राप्त किया, भव्य मंगल आगमन पर स्थानीय समाज के अध्यक्ष कजोडमल जी, मंत्री भाई अरविंद जी जैन और समस्त सहयोगी पदाधिकारी का बहुत योगदान रहा इस अवसर पर आसपास के स्थानीय समाज के सह बंधु भी विशेष रूप से उपस्थित थे। -**संजय वोहरा**

### छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन का प्रांत स्तरीय बैठक सम्पन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 13 जुलाई शनिवार को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी/ कर्मचारी फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में संपन्न हुआ। इस बैठक में पंचायत विभाग के करा रोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद/ जिला संवर्ग के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए, जिसमें फेडरेशन के प्रमुख मांग- पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त तक पद पर भर्ती किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन को अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने के लिए फेडरेशन का विस्तार जिला स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर भी करने का निर्णय लिया गया एवं संभाग स्तरीय बैठक रखने का भी निर्णय लिया गया।

### श्रीमती कृष्णा चटर्जी जी का आकस्मिक निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पर रहा है कि पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोमेन चटर्जी की माता श्रीमती कृष्णा चटर्जी जी का आकस्मिक निधन दिनांक 12.07.24 को संध्या 8.45 को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 13.07.24 को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से खमतराई मुक्ति धाम के लिए निकाली गई।

## श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्व शांति महायज्ञ प्रारंभ





**भाटापारा ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा छत्तीसगढ़ में सिद्धों की आराधना का महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान धूमधाम से प्रारंभ हो चुका है. प्रातः काल श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर से भव्य घट यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग से गुजरती हुई श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न हुई . मंदिर से भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा अभिषेक मोदी के द्वारा मस्तक पर विराजमान कर धूमधाम से बैंड बाजे के साथ बुलाकर सिद्ध चक्र महामंडल विधान के माड़ना में स्थापित किया गया।कार्यक्रम का संचालन निर्देशन बाल ब्रह्मचारी श्री अंकित भैया जी श्री राजेंद्र भैया जी के मंगल सानिध्य में संपन्न हो रहा है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सभी भक्तों के द्वारा श्रीजी का मंगल अभिषेक किया गया शांति धारा का सौभाग्य श्री प्रकाश मोदी एवं श्री संजय शीलचंद जैन को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा,मंडप शुद्धि एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ ध्वजारोहण करने का सौभाग्य श्री आलोक रजनी मोदी भाटापारा को प्राप्त हुआ, साथ में श्री नवीन गादिया, श्री सुभाष जैन चौरंग, श्री पीयूष जैन, अभिषेक मोदी, श्रीमती सुमन लता मोदी, आर्नव मोदी, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ किया गया, भगवान के समक्ष श्री फल समर्पित किए गए।

रात्रि में भगवान की मंगल आरती एवं बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया जी के मंगल प्रवचन सानंद संपन्न हुए। कल 15 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे भगवान का मंगल अभिषेक एवं 7:30 बजे से श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा जो 10:30 तक चलेगा।श्री विनोद मोदी की स्वर लहरी में संगीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती बीना गादिया भावनागदीया, अंजू गदिया, संगीता जैन, रेखा जैन, बबिता जैन, नितिन गदिया, पंकज जैन, अभिनव मोदी, अरिंजय मोदी, आदि मोदी, अक्षत जैन, रोशनी जैन, नेहा सुरभि मोदी, नितिन जैन, अंकुश जैन, संदीप संदीप जैनआदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। -**प्रकाश मोदी**

## श्री दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड में भक्तामर महमंडल विधान एवं बच्चों को धार्मिक संस्कार प्रदान करने डिजिटल पाठशाला का हुआ शुभारंभ





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर श्री दिगम्बर जैन मंदिर, मालवीय रोड बड़े मंदिर जी में विराजित मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान के समक्ष आज 14/07/2024 रविवार भक्तामर विधान की श्रृंखला में श्री चंदन राजेन्द्र उमाठे अवंतिविहार, पियुष अजय जैन सेजबहार,साकेत बिपिन जैन कमलविहार परिवार बड़े भी भक्ति भाव से भगवान का अभिषेक पूजन, विधान पं संजय जैन के मार्गदर्शन में एवं ट्रस्ट मण्डल, कार्यकारणी सदस्य एवं समाज के अनेक लोगों की उपस्थिति में सहर्ष संपन्न किया, ईशान नितिन जी, प्रभारी श्रीमति संध्या दिलीप जैन एवं लोकेश जैन के सहयोग से श्री आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला अंतर्गत समाज के बच्चो ने जैन विधि अनुसार आज अभिषेक, शांतिधारा व पूजन किया तत्पश्चात विद्यासागर हॉल में बाल बोध धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण हेतू नई डिजिटल तकनीक के द्वारा आचार्य शांति सागरजी महाराज के समाधि मरण उत्सव एवं मुनि अकलंक, मुनि निकलंक के संपूर्ण जीवन को 3स्र एनीमेटेड फिल्म को बच्चो ने देख कर मुनि संघ के कठिन दिनचर्या को समझा। बच्चों में उत्साह बना रहे इसलिए पुरस्कार एवं स्वल्पालहार के

श्रीमती निशा उमाठे, नीलिमा जैन, श्रीमती सुषमा उमाठे कु. रुचि उमाठे पुण्यार्जक बने। कार्यक्रम में अध्यक्ष- यशवन्त जैन, सचिव- सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष -दिलीप जैन, उपाध्यक्ष- श्रद्धेय जैन,नीरज जैन, सहसचिव -विजय जैन, महावीर जैन, चंद्रेश जैन एवं महिला मंडल प्रमुख रूप से उपस्थित रही! -**लोकेश चंद्रकांत जैन**

## एएम/एनएस इंडिया की पहल : टॉपर छात्रों को साइकिल वितरण कर बढ़ाया उत्साह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया के सीएसआर पहल ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवॉर्ड के तहत, किरंदुल में हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल और डिग्री कॉलेजों के 39 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को साइकिल का वितरण किया गया। इन छात्रों को किरंदुल नगर परिषद के अध्यक्ष, महाप्रबंधक (एएम/एनएस इंडिया, किरंदुल) सहित बीआरसी, सीएससी अधिकारियों, प्राचार्यों, छात्रों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में साइकिलें प्रदान की गईं।

इसके अलावा एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा 31 पाइपलाइन गांवों के 31 टॉपर छात्रों को संबंधित प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साइकिल एवं लेडी साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बिनती खिल्लो (जिला परिषद्, चित्रकोंडा), जीएम (एएम/एनएस इंडिया किरंदुल) सहित प्रत्येक स्कूल के प्रधानाध्यापकों, छात्रों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की पहल ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवॉर्ड का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है, जिससे उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

## कृषि पंपों की वोल्टेज समस्या दूर करने रिकार्ड समय में बढ़ाई गई पारेषण क्षमता

### बेमेतरा जिले में गर्मी में हुई थी लो-वोल्टेज की समस्या, 2.38 करोड़ रूपए की लागत से ईएचटी ट्रांसफार्मर स्थापित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आगामी धान की फसल में सिंचाई के लिए किसानों को समस्या न हो इसके लिये ट्रांसमिशन कंपनी ने बेमेतरा के 220/132 केव्ही अतिउच्चदाब (ईएचटी) सब-स्टेशन में रिकार्ड समय में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। आमतौर पर इस कार्य में कई महीने लग जाते हैं। कृषक हितैषी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनीज़ के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद के निर्देश पर अधिकारियों ने इस कार्य को महज दो महीने में पूरा करके 63 एमवीए के विशाल ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं अध्यक्ष श्री दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री आरके शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर एवं अन्य अधिकारियों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि बीते रबी सीजन में बेमेतरा के कुछ क्षेत्र में कृषि पंपों में लो-वोल्टेज की समस्या ध्यान में लाई गई थी, जिसके बाद राज्य शासन ने त्वरित गति से स्थायी समाधान के निर्देश दिए थे।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा और बलौदाबाजार में किया मतदाता अभिनंदन एवं आभार सम्मेलन

**कृषि महाविद्यालय और वन विभाग को मिलकर भाटापारा में एक लाख पौधे लगाने के निर्देश दिए**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के नवनिर्वाचित सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल रविवार को भाटापारा और बलौदा बाजार में मतदाता अभिनंदन एवं आभार सम्मेलन के जरिए क्षेत्र वासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

अपने संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के प्यार और स्नेह का ही परिणाम है कि, लोकसभा चुनाव में रायपुर में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से प्रचंड जीत हासिल की है और देश में राजधानी का नाम रौशन किया है। जिसके लिए मैं क्षेत्रवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शुभ चिंतकों के अथक प्रयासों को नमन करते हुए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि, क्षेत्र की जनता ने मुझ पर भरोसा जताया है और मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा, भाटापारा और बलौदा बाजार के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। सांसद ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। जिससे जीत का सिलसिला लगातार चलता रहे। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को जनता के बीच में जाकर उन्हें भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों और प्रस्तावित कार्य योजनाओं की जानकारी देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गरीबों के लिए 18 लाख आवास को हरी झंडी दे दी है जिसका लाभ सभी वर्गों को मिलेगा। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार किया था कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर संविधान को बदल दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने महिलाओं को साल का एक लाख रुपए देने का झूठा वादा किया था। अब यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह कांग्रेस के झूठे वादों और दुष्प्रचार की पोल खोलें और भाजपा के कार्यों को जनता के सामने रखें। कार्यक्रम में मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक श्री शिव रतन शर्मा, श्री अशोक बजाज, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्री सनम जांगड़े, करन कश्यप समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

बृजमोहन अग्रवाल ने कृषि महाविद्यालय और वन विभाग को मिलकर भाटापारा में एक लाख पौधे लगाने के निर्देश दिए। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय भाटापारा और शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा बाजार में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी माता जी की स्मृति में पौधारोपण भी किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के मुंबई में 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया



**मुंबई ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के मुंबई में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र से जुड़ी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नागपुर स्टेशन के पुनर्विकास का जिक्र करते हुए कहा, भारतीय रेलवे के बदलाव से मुंबई और महाराष्ट्र को बड़ा फायदा हो रहा है।

उन्होंने कहा, आज छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और लोकमान्य तिलक स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित किए गए, जिससे 24 कोच लंबी ट्रेनें वहां से चल सकेंगी। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़नवीस और श्री अजीत पवार, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले के साथ-साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**पृष्ठभूमि :** प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई के तुर्भे में कल्याण यार्ड रीमॉडलिंग और गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल की आधारशिला भी रखी। कल्याण यार्ड लंबी दूरी और उपनगरीय यातायात को अलग करने में मदद करेगा। रीमॉडलिंग से अधिक ट्रेनों को संभालने के लिए यार्ड की क्षमता बढ़ेगी, भीड़भाड़ कम होगी और ट्रेन संचालन की दक्षता में सुधार होगा। नवी मुंबई में गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल 32600 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बनाया जाएगा। यह स्थानीय लोगों को रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्रदान करेगा और सीमेंट और अन्य वस्तुओं को संभालने के लिए एक अतिरिक्त टर्मिनल के रूप में काम करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस के नए प्लेटफॉर्म और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 10 और 11 के विस्तार को राष्ट्र को समर्पित किया। लोकमान्य तिलक टर्मिनस के नए लंबे प्लेटफॉर्म लंबी ट्रेनों को समायोजित कर सकते हैं, प्रति ट्रेन अधिक यात्रियों के लिए रास्ता बना सकते हैं और बढ़ते यातायात को संभालने के लिए स्टेशन की क्षमता में सुधार कर सकते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 10 और 11 को कवर शेड और वॉशेबल एप्रन के साथ 382 मीटर तक बढ़ाया गया है। इससे ट्रेनों की संख्या 24 कोच तक बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी।

## नेशनल प्लास्टिक सर्जरी डे: प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े इन बातों में है कितनी सच्चाई, लोग नहीं करते हैं विश्वास



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत समेत पूरी दुनिया में 15 जुलाई को नेशनल प्लास्टिक सर्जरी डे मनाया जाता है. प्लास्टिक सर्जरी के बारे में कई मिथ्स जुड़े हैं. लोगों को लगता है कि केवल मॉडल या फिल्म अभिनेत्रियां ही प्लास्टिक सर्जरी करवाती हैं. सच तो यह है कि प्लास्टिक सर्जरी किसी दुर्घटना या बीमारी के कारण खराब हो गए अंगों को ठीक करने से जुड़ा है. आइए जानते हैं प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी पांच मिथ्स और उनकी सच्चाई... के बारे में रायपुर ओम हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉ. कमलेश अग्रवाल से...प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी पांच मिथक-

**प्लास्टिक सर्जरी में प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है :** प्लास्टिक सर्जन डॉ कमलेश अग्रवाल कहते है कि लोगों को लगता है कि प्लास्टिक सर्जरी में प्लास्टिक या किसी आर्टिफिशियल चीज का उपयोग होता है, लेकिन ऐसा नहीं है. प्लास्टिक सर्जरी में प्लास्टिक शब्द ग्रीक भाषा के प्लास्टिकोज से लिया गया है, जिसका अर्थ मोल्ड करना या ढालना होता है. इस चिकित्सा में किसी कारण बिगड़ गए हुए अंगों को फिर से सही आकार दिया जाता है इसलिए इसे प्लास्टिक सर्जरी कहते हैं.

**प्लास्टिक सर्जरी निशान रहित होगी :** डॉ कमलेश अग्रवाल कहते है कि लोगों को लगता है कि प्लास्टिक सर्जरी में चीरे या टांके को कोई निशान नहीं होगा, लेकिन सच यह है कि सर्जन ऐसे स्थान पर चीरा लगाते हैं जो कम से कम नजर आए और काफी बारीक टांके का प्रयोग करते हैं. सर्जरी के बाद एक साल तक ये नजर आ सकते हैं.

**प्लास्टिक सर्जरी से दूसरे व्यक्ति की शक्ल दी जा सकती है :** फिल्मों में अक्सर दिखाया जाता है कि प्लास्टिक सर्जरी कराकर व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति का रूप ले लेता है, लेकिन सच यह है कि शक्ल में थोड़ी बहुत हेरफेर ही संभव है. कोई भी सर्जन प्लास्टिक सर्जरी से आपको किसी हीरो या हिरोइन की शक्ल नहीं दे सकता है.

**प्लास्टिक सर्जरी और कॉस्मेटिक सर्जरी समान हैं :** प्लास्टिक सर्जरी में कटलेख जलने या कैंसर जैसी किसी बीमारी के कारण अंगों में आई विकृति को ठीक किया जाता है जबकि कॉमेस्टिक सर्जरी प्लास्टिक सर्जरी का एक भाग है, जिसमें मुख्य रूप से नाक या ओठों के करेक्शन पर जोर दिया जाता है.

**प्लास्टिक सर्जन और कॉस्मेटोलॉजिस्ट एक ही हैं :** डॉ कमलेश अग्रवाल कहते है कि प्लास्टिक सर्जन पूरी तरह से मेडिकल प्राफेशन से जुड़े होते हैं. वे मेडिकल और सर्जरी का अध्ययन करते हैं जबकि कॉस्मेटोलॉजिस्ट नॉन मेडिकल प्रोफेशनल्स होते हैं जिन्हें मेकअप, ब्यूटी, हेयर की बुनियादी ट्रेनिंग दी जाती है.

**प्लास्टिक सर्जरी की उपविशेषता कौन-कौन सी है :** एस्थेटिक सर्जरी (सौंदर्य सर्जरी)- सौंदर्य और शारीरिक स्वरूप को सुधारने के लिए. रीकंस्ट्रक्टिव सर्जरी (पुनर्निर्माण सर्जरी)- जन्मजात दोष, चोट, बर्न्स या अन्य चिकित्सीय स्थितियों के कारण क्षतिग्रस्त शरीर के अंगों को पुनः बनाना. हैंड सर्जरी (हाथ की सर्जरी) - हाथ और ऊपरी अंगों की बीमारियों और चोटों का इलाज. क्रेनियोफेशियल सर्जरी (कपाल-मुख सर्जरी)- सिर, चेहरे, और जबड़े की विकृतियों का इलाज. माइक्रोसर्जरी (सूक्ष्म सर्जरी)- अत्यधिक छोटे और सटीक सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए, जैसे कि नसों और रक्त वाहिकाओं की सर्जरी. बर्न सर्जरी (जलने की सर्जरी)- जलने से होने वाले घावों और निशानों का इलाज.

## छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी जागेश्वर प्रसाद जी के 79वें जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ के महा विभूतियों पर पुस्तक का कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने किया विमोचन

### राज्य आंदोलनकारियों पर छत्तीसगढ़ी साहित्य और पुरखों को संग्रहित करने का दिया संदेश




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रमुख आंदोलनकारी एवं लोकतंत्र सेनानी छत्तीसगढ़ी भाषा के संघर्षकर्ता श्री जागेश्वर प्रसाद जी के जन्म दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभूति नामक पुस्तक का विमोचन का आयोजन आनंद समाज वाचनालय कंकालीनपारा में किया गया।जिसके मुख्य अतिथि श्री टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता श्री अरविंद मिश्रा वरिष्ठ लेखक एवं अध्यक्ष भारतीय संस्कृति निधि छत्तीसगढ़, विशेष अतिथि के.के.अग्रवाल वरिष्ठ इतिहासकार, राज्य आंदोलनकारी दाऊ जी.पी. चंद्राकर थे। सभी अतिथियों का स्वागत राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल दुबे ने किया।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी बोलव, छत्तीसगढ़ी पढ़व, छत्तीसगढ़ी लिखव आंदोलन के श्री नंदकिशोर शुक्ला का भी स्वागत किया गया।कार्यक्रम का आधार वक्तव्य रखते हुए वरिष्ठ कवि गीतकार रामेश्वर वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभूति पुस्तिका के रचनाकार श्री जागेश्वर प्रसाद जी राज्य आंदोलन, राजभाषा आंदोलन एवं छत्तीसगढ़ी पत्रिका के पुरोधा होते हुए भी अपने आप को कभी प्रदर्शित नहीं किया ना श्रेय हमेशा अपने आप को छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी एवं छत्तीसगढ़ियों का सेवक मानकर अपना सर्वत्र जीवन समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभूतियों को स्मरण करना एवं सम्मान करना हम सभी लोगों का प्रथम कर्तव्य है।क्योंकि इतिहास पुरुषों के स्मरण करने से हम लोगों में स्वाभिमान जागरण होता है साथ ही साथ भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादाई होता है।छत्तीसगढ़ के विभूति पुस्तिका के रचनाकार राज्य आंदोलनकारी श्री जागेश्वर प्रसाद जी को हृदय से बधाई देता हूं, क्योंकि इससे छत्तीसगढ़ी माटी पुत्रों में जागरण एवं आत्मबोध पैदा होता है।विशेष अतिथि डॉ.के.के. अग्रवाल वरिष्ठ इतिहासकार ने कहा कि ऐसा साहित्य सीजन से अपने पुरखों द्वारा किया विभिन्न इतिहासों की जानकारी मिलती है एवं भावी पीढ़ी को अनेकों सीख मिलती है।

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202404111100009 अ/6(अ) वर्ष 2023-24
ग्राम पारागांव प.ह.नं. 22 रा.नि.म. नवापारा
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/ /तह./वा.-1/2024 नवापारा, दिनांक 05/07/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक **मेसर्स हनुमान एग्रो इण्डस्ट्रीज जिला लाल बाजार स्टेट कलकत्ता** द्वारा **आनंद कनोरिया पिता गोपाल प्रसाद कनोरिया** निवासी- पटवा काम्लेक्स मोहदा पारा रायपुर द्वारा ग्राम पारागांव **प.ह.नं. 22** तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 470, 473 रकबा 9.900, 0.240 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं उक्त भूमि परिवर्तित भूमि था परंतु ऑनलाईन रिकार्ड में कृषि भूमि दर्ज हो गया है, जिसे सुधार किये जाने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अभनपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. जो इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक **23/07/2024** को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक **05/07/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

# पंप हाउस कोरबा के आंगनबाड़ी केन्द्र में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण

## जल शक्ति से नारी शक्ति हेतु जल संचयन की दिलाई गई शपथ




**कोरबा(विश्व परिवार)।** 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नारी शक्ति से जल शक्ति के संदेश का प्रचार-प्रसार, जल संचयन और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पौधरोपण अभियान एवं महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नगरीय क्षेत्र कोरबा के पंपहाउस स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पूर्व एल्डरमैन नगर निगम श्री राम गोपाल यादव द्वारा पौधरोपण किया गया। उन्होंने सभी आमजनों से अपनी मां के नाम से एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम महिला व बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश, अधीक्षण अभियंता नगर निगम श्री अखिलेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारियों ने भी आंगनबाड़ी परिसर में मुनगा, अमरूद, आंवला जैसे पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह धरती हमारी मां है, उसकी सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों से प्राणदायिनी ऑक्सीजन मिलता है साथ ही यह जल संरक्षण में भी सहायक है। इस हेतु आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसका बचाव कर अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। श्री यादव ने कहा कि तीन बिदुओं पर यह कार्यक्रम आयोजित की गई है एवं सभी थीम एक दूसरे जुड़े हुए है। नारी शक्ति का जल संचयन के लिए आगे आने पर जल का वास्तविक संरक्षण होगा। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अंतर्गत बालिकाओं के अच्छे से पालन-पोषण उच्च शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान' का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। जिससे आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# छिंदई नदी में बना उच्च स्तरीय पुल, ग्रामीणों के लिए आवागमन का रास्ता गया खुल

### परेशानियों को दूर करने के साथ रिश्तों को भी मजबूत बना रहा पुल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बारिश के साथ ही उफान पर रहने वाले मदवानी के इस छिंदई नदी को पार कर पाना आसपास के ग्रामीणों के लिए कितना जोखिम भरा होता था, यह तो ग्रामीण ही जानते हैं। उन्हें एक गांव से दूसरे गांव जाना हो या फिर अपने किसी परिचित के घर जाना हो, लंबे समय तक पुल नहीं होने का खामियाजा भुगतना पड़ता था। बारिश आते ही महीनों तक बहुत से लोगों की या तो भेंट मुलाकात बंद हो जाती थी, या फिर लंबी दूरी तय कर एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता था। इस लंबी दूरी को तय करने के लिए उन्हें अतिरिक्त पैसे तो खर्च करने ही पड़ते थे, इसके साथ ही बहुत ज्यादा समय भी देना पड़ता था। अब जबकि इस छिंदई नदी में पुल बन गया है, ग्रामीणों का आवागमन आसान बन गया है। वे आसानी से घंटों की दूरी मिनटों में तय कर पहुंच जाते हैं। करतला विकासखंड के ग्राम मदवानी -कछार-तराईमार - कुदमुरा मार्ग में छिंदई नदी में लगभग 17 करोड़ 17 लाख की राशि से बने उच्च स्तरीय पुल का हाल ही में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव ने लोकार्पण किया था। रामपुर, मदवानी सहित आसपास के अनेक गांव को कुदमुरा, हाटी सहित प्रमुख मार्गों से जोड़ने में यह पुल ग्रामीणों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। इस पुल के बन जाने से विकास के नए द्वार खुल गए हैं। वर्षों से इस नदी में पुल की मांग थी जो अब पूरी हो गई है। इससे आसपास के अनेक गाँव जुड़ गए हैं। एक दूसरे से सम्पर्क भी बढ़ गया है। यह पुल आवागमन का पुल होने के साथ ही विकास का भी पुल बन गया है। इस पुल को पार करते हुए ग्रामीण कमल सिंह चौहान ने बताया कि पहले उन्हें लंबी दूरी तय करके एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता था। उन्हें पांच से 10 किलोमीटर अतिरिक्त वाहन बाइक घुमाना पड़ता था। इससे उनके अतिरक्त रूपये और समय का नुकसान होता था। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में नदी में पानी कास्तर कम होने पर बहुत से ग्रामीण जोखिम उठाकर नदी पार कर लेते थे। बारिश में नदी का स्तर बढ़ने पर पुल पार करना खतरनाक बन जाता था।

# लेडी सिंघम समेत 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड वर्दी का रौब दिखाने कर दी थी पिटाई

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** सटोरिया को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों ने होटल में दबंगई दिखाते हुए दिव्यांग व्यक्ति की पिटाई कर दी. इस मामले की जांच के बाद एसपी ने महिला आरक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है. घटना बेलगहना थाना क्षेत्र के खोंगसरा आमागोहन में बीते 9 जुलाई को हुई थी. दरअसल, बीते 9 जुलाई को बेलगहना थाने में पदस्थ आरक्षक दामोदर सिंह, नव आरक्षक हेमंत चन्द्राकर व महिला आरक्षक कोमल तिवारी सटोरिया को पकड़ने के लिए खोंगसरा आमागोहन स्थित बादल नामक युवक के होटल में दबिश दी. तीनों दबंगई दिखाते हुए होटल में घुसकर कर्मचारियों को बाहर करने लगे. इस दौरान दिव्यांग कर्मचारी शमसुद्दीन पुलिसकर्मियों की बात सुन नहीं पाया और बाहर नहीं निकला तो तीनों आरक्षकों ने हुज्जतबाजी करते हुए उसे बाहर निकाला और उसकी जमकर पिटाई कर दी. दिव्यांग से मारपीट करने की जानकारी होने पर गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने तीनों आरक्षकों को घेरकर बंधक बना लिया. मामले की सूचना मिलते ही थानेदार स्टाफ के साथ गांव गए और ग्रामीणों को समझाइश देकर पुलिसकर्मियों को छुड़ाकर लौटे. इस बीच ग्रामीणों ने घटना की शिकायत एसपी से की. एससी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरक्षक दामोदर सिंह, नव आरक्षक हेमंत चंद्राकर, महिला आरक्षक कोमल तिवारी को निलंबित कर दिया है।

# न्यायाधिपति भादुड़ी ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के विभिन्न शाखाओं सहित पूरे न्यायालय परिसर का किया अवलोकन

### कोर्ट परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश



**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति श्री गौतम भादुड़ी ने जिला सत्र न्यायालय परिसर विभिन्न कोर्ट एवं शाखाओं का अवलोकन कर कार्या की जानकारी ली। उन्होंने सभी शाखा प्रमुखों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। न्यायाधिपति श्री भादुड़ी ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय सहित अन्य कोर्ट रूम, लेखा अनुभाग, प्रतिलिपि अनुभाग, ज्यूडिशियल सर्विस सेंटर सहित पूरे कोर्ट परिसर का अवलोकन किया। शाखा प्रमुखों से उनके प्रभार की जानकारी लेते हुए प्राप्त दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला सत्र न्यायाधीश श्री सत्येंद्र साहू सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित थे।

# जैविक खेती की ओर कदम बढ़ा रहे गोंदईया के किसान

### शेड निर्माण से अस्वच्छता संबंधी समस्याओं का हुआ निदान

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** जैविक खेती की ओर कदम बढ़ा कर जिले के किसान अब खेती-किसानी में क्रांति ला रहे है। भूमि की गुणवत्ता में सुधार लाने में भी अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे है। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम गोंदईया में समूह की महिलाएं कचरा प्रबंधन कर एवं अपशिष्ट से तैयार जैविक उर्वरक एवं खाद का उपयोग कर सब्जी उत्पादन कर रही हैं। इस खेती से उन्हें 60 हजार से लेकर 70 हजार तक का वार्षिक लाभ हो रहा है। महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुधार आया है और वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों में बखूबी अपना योगदान दे रही हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि गांव में मनरेगा के तहत एसएलडब्ल्यूएम शेड, नाडेफ एवं वर्मी टेंक निर्माण किया गया है। इन कार्यों के लिए मनरेगा अंतर्गत लगभग 9.28 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई थी। शेड के माध्यम ठोस एवं तरल अपशिष्ट के रूप में निकलने वाले कचरे का प्रबंधन कर जैविक खाद बनाया जा रहा है। अपशिष्टों को विभिन्न स्त्रोतों से एकत्र कर अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के माध्यम से उनका निपटान किया जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि शेड निर्माण कार्य से अस्वच्छता संबंधी समस्याओं का निदान हुआ है। ग्राम पंचायत में स्वच्छता का माहौल बना है। ठोस एवं तरह अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक परिवार को डस्टबीन दी गई एवं तिपहिया वाहन खरीदे गए है। जिसके माध्यम से कचरा का प्रबंधन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच, रोजगार सहायक एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रशंसा के पात्र है, जिन्होंने शेड निर्माण के संबंध में उन्हें अवगत कराया एवं निर्माण हेतु प्रेरित किया। सभी ग्रामीण इस कार्य से अत्यंत खुश है। उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। पहले गंदगी का वातावरण रहता था। ठोस एवं तरल कचरा खुल में इधर उधर पड़ा रहता था। उक्त निर्माण से अब कचरा का प्रबंधन हुआ है। स्व सहायता समुहों को रोजगार एवं आजीविका का साधन प्राप्त हुआ, जिससे उनके जीवन में आर्थिक सुधार संभव हो पाया है।

# प्रावधानों के तहत सफाई कर्मियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : एम. वेंकटेशन

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक

### अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों से वन टू वन चर्चा कर जानी उनकी समस्याएं




**कोरबा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष श्री एम. वेंकटेशन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सफाई कार्य से जुड़े विभागीय अधिकारियों, सार्वजनिक उपक्रम बाल्को, एनटीपीसी, एसईसीएल सहित अन्य उपक्रमों के अधिकारी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सफाई कार्य कराने वाले एजेंसी के संचालकों, ठेकेदारों और संबंधित सफाई कर्मियों से चर्चा कर सफाई कर्मचारियों को दी जा रही वेतन, सफाई सामग्री, यूनिफॉर्म, सुरक्षा उपकरण, पीएफ ईएसआईसी कार्ड के संबंध में जानकारी ली। अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों को एजेंसी द्वारा एग्रीमेंट के तहत सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। एग्रीमेंट का पालन नहीं करने वाली एजेंसियों के विरूद्ध उन्होंने कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने सफाई कर्मियों का श्रम कार्ड बनाने तथा शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आयोग के अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सफाई कर्मचारियों यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करने की बात कही। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने नगर पालिक निगम कोरबा, एसईसीएल सहित अन्य क्षेत्रों में एजेंसी के माध्यम से सफाई करने वाले कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम अंतर्गत संबंधित संचालक/ठेकेदारों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ सफाई कार्य करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित राशि उनके खाते में प्रदान करें। कर्मचारियों को अवकाश प्रदान करने के साथ ही उन्हें पीएफ और बीमा का लाभ अवश्य दें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को 07 दिवस के भीतर यूनिफॉर्म, रेनकोट, सुरक्षा उपकरण, आईडी कार्ड प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा मिशन क्लीन सिटी में कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी को समय पर वेतन एवं अवकाश नहीं मिलने की जानकारी दी गई। इस संबंध में निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा बताया गया कि बैंक द्वारा केवाईसी की प्रक्रिया कराई जा रही थी। दस्तावेजों के अभाव में कुछ स्वच्छता दीदीयों को वेतन में विलंब हुआ है। इस संबंध में कलेक्टर श्री वसंत ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि संबंधित सुपरवाईजरों की ट्रेनिंग आयोजित कर उन्हें महीने की 05 तारीख तक अनिवार्य रूप से स्वच्छता दीदीयों का डाटा प्रस्तुत कराया जाए। वेतन में विलंब होने पर संबंधित सुपरवाइजरों पर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने स्वच्छता दीदीयों के अवकाश के संबंध में की गई मांग पर राज्य शासन से पत्राचार पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता कार्य से जुड़े लगभग 715 कर्मचारियों का सुरक्षा बीमा नहीं होने की जानकारी सामने आने पर जिला प्रशासन द्वारा ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा बीमा का प्रीमियम जमा करने हेतु पहल करने की बात कही है। बैठक में मैन्युल स्कैवेंजिंग वाले कर्मचारियों की सूची तैयार करने और बिना प्रशिक्षण तथा सुरक्षा सामग्री के सफाई का कार्य नहीं कराने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी सामारोह में चोरी करने वाला नाबालिग 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर के शारदा विहार के सामुदायिक भवन में आयोजित शादी कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर द्वारा गहने चोरी किये जाने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर की चोर को पकड़ लिया तथा चोरी का सामान बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविकुमार यादव द्वारा चौकी मानिकपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 10 जुलाई को शारदा विहार के सामुदायिक भवन में उसके घर का शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान 10-11 की दरमियानी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कमरे में रखे सोने, चाँदी के ज़ेवरात और नगदी रक़म लूट कर ले गये। उक्त रिपोर्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मानिकपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फु टेज और घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य के सहायता से घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिग बालक को पकड़कर पुछताछ की गई तो उसने चोरी करना स्वीकार किया जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग चोर से डेढ़ लाख रूपये कीमत का चोरी के संपत्ति को बरामद कर ली। मामले में नाबालिग के खिलाफ धारा 309(6) बीएनएस के तहत कार्यवाही की है।

### मुंशी से डेढ़ लाख की लूट

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक राईसमिल के मुंशी से अज्ञात लूटेरों ने डेढ़ लाख रूपये से भरा बैग लूट लिये और फरार हो गये। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां मौहर गांव का रहने वाला दिलीप सिंह शहर के एक राइसमिल के मुंशी का काम करता है। शुक्रवार को वह बैंक से पैसे निकालकर अपनी मोटरसायकल से एफ सीआई गोदाम की ओर जा रहा था। इसी दौरान सिटी कोतवाली थाने के पास बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक किया और फिर 10 रुपये गिरने का झांसा दिया। दिलीप सिंह ने जैसे ही गाड़ी की रफ्तार कम की तो बदमाश उससे रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। बैग में 1 लाख 54 हजार रुपये रखे हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान मौके पर एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल भी पहुंचे थे। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात लूटेरों के खिलाफजुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक के साथ ही सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बदमाशों के बारे में पता लगाने में जुटी है।

### कबाड़ियों से 7 टन कबाड़ और तीन वाहन जप्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है, उक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक रवींद्र कुमार मीना और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में कबाड़ का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि शहर में चोरी छिपे कबाड़ का अवैध व्यापार किया जा रहा है, उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली थाना अंतर्गत राताखार से एक माजदा से पाँच टन कबाड़ चौकी मानिकपुर क्षेत्रंतार्गत रामनगर बाइपास रोड से एक पिकअप वाहन से 1351द्मद्द कबाड़ तथा थाना कटघोरा से 3 क्विंटल कबाड़ कुल 7 टन कबाड़ कुल मशरूका क़ीमती लगभग 17 लाख रू को जप्त कर अलग-अलग थाना चौकी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही हैं।

### केंद्रीय वित्त आयोग के दल ने देखा नवा रायपुर

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया सहित अन्य सदस्यों ने नवा रायपुर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने आयोग के सदस्यों को नवा रायपुर के विभिन्न स्थानों और शासन की संचालित परियोजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान नवा रायपुर में निर्माणाधीन रेल्वे स्टेशन देखा वहां पर अधिकारियों ने प्रेजेन्टेशन के जरिए यहां दी जाने वाली यात्री सुविधाओं के विषय में विस्तार से बताया। दल ने नवा रायपुर केपिटल कम्पलेक्स स्थित इंटिग्रेटेड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया। सेंटर द्वारा वाटर, पॉवर और सीवरेज सिस्टम के डिजिटल कंट्रोल और ट्रांसपोर्ट बस इत्यादि के डिजिटल देख-रेख का काम किया जा रहा है। प्रस्तुतीकरण में स्मार्ट डेटा सेंटर भी दिखाया गया।

# संपादकीय

## देश में फैल रही बदहाली

एनएसएसओ की गैर कंपनी यानी अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की स्थिति के बारे में सर्वे रिपोर्ट आई है। उस रिपोर्ट के मुताबिक 2015-16 से 2022-23 के बीच इस क्षेत्र में 13 राज्यों में रोजगार प्राप्त मजदूरों की संख्या गिरी। भारत के रोजगार की हालत खराब है, लेकिन यह बदहाली सिर्फ औपचारिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। अनौपचारिक क्षेत्र में हालत बदतर है। चूंकि यह तथ्य नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) के सर्वेक्षण से सामने आया है और इसलिए सरकार इससे इनकार नहीं कर सकती। जैसाकि भारत सरकार ने सिटीग्रुप रिसर्च की एक अध्ययन रिपोर्ट के मामले में किया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जीडीपी सात प्रतिशत की दर से भी बढ़ती रहती है, तब भी भारत बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर पाएगा। इसलिए सिटीग्रुप की सलाह है कि भारत सरकार सिर्फ ग्रोथ रेट के भरोसे ना बैठी रहे, बल्कि रोजगार बढ़ाने वाले उपायों पर विशेष और अलग से ध्यान दे। मगर यह रिपोर्ट आने के तुरंत बाद सरकार ने इसका खंडन कर दिया। उसने दावा किया कि 2017-18 से 2021-22 के बीच आठ करोड़ रोजगार पैदा किए गए हैं। बहरहाल, अब एनएसएसओ की गैर कंपनी क्षेत्र में रोजगार के बारे में सर्वे रिपोर्ट आई है। ये रिपोर्टें 18 राज्यों के उन कारोबार से संबंधित हैं, जिनका कंपनी कानून के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। यानी ये छोटे कारोबार हैं और अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2015-16 से 2022-23 के बीच इस क्षेत्र में 13 राज्यों में रोजगार प्राप्त मजदूरों की संख्या गिरी। कर्नाटक और तमिलनाडु दो ऐसे राज्य रहे, जहां ऐसे रोजगार में सबसे ज्यादा गिरावट आई। वहां यह गिरावट क्रमश 13 लाख और 12 लाख रही। अगर ध्यान दें, तो यह वही अवधि है, जब नोटबंदी, जीएसटी लागू होने और फिर कोरोना महामारी के दौरान अनियोजित लॉकडाउन की सबसे ज्यादा मार अनौपचारिक क्षेत्र पर पड़ी थी। यह बात ध्यान में रखने की है कि अनौपचारिक में मौजूद रोजगार अस्थायी किस्म का होता है, जहां मजदूर कम वेतन और बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के काम करते हैं। अगर ऐसी जगहों पर भी काम के अवसर घटे हैं, तो समझा जा सकता है कि क्यों देश में रोजमर्रा का न्यूनतम उपभोग भी घटता चला गया है।

## विशेष लेख

## राहुल को प्रादेशिक क्षत्रपों पर से निर्भरता कम करनी होगी

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव, 2024 में कांग्रेस की बढ़ी ताकत का इस्तेमाल क्या राहुल गांधी पार्टी को मजबूत करने और स्वतंत्र व बेलगाम क्षत्रपों को काबू करने के लिए करेंगे? यह लाख टके का सवाल है। हकीकत यह है कि लोकसभा चुनाव, 2024 से पहले तक कांग्रेस के प्रादेशिक क्षत्रप लगभग मनमाना आचरण कर रहे थे। आलाकमान यानी सोनिया और राहुल गांधी के लिए उनको निर्देश देना असंभव सा काम था। क्षत्रप आलाकमान का नाम लेते थे और उनके प्रति सार्वजनिक रूप से सम्मान भी जाहिर करते थे लेकिन करते अपने मन की थे। अगर कभी कांग्रेस आलाकमान को उनके खिलाफ कोई कदम उठाना पड़ा तब या तो कामयाबी नहीं मिली या जिसके खिलाफ कदम उठाया उसने पार्टी छोड़ दी।कांग्रेस आलाकमान के साथ वही रहा, जिसकी सत्ता को नेहरू गांधी परिवार ने चुनौती नहीं दी। कैप्टेन अमरिंदर सिंह को हटाया या गुलाम नबी आजाद को राज्यसभी नहीं मिली तो वे पार्टी छोड़ गए। असम में तरुण गोगोई को 15 साल तक, दिल्ली में शीला दीक्षित को 15 साल तक, हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 10 साल तक सीएम बनाए रखा गया तो ये सब लोग कांग्रेस के साथ रहे। लेकिन अंत नतीजा यह हुआ कि इन राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई तो एक दशक के बाद भी इन राज्यों में कांग्रेस के लिए सत्ता में वापसी मुश्किल या नामुमकिन दिख रही है। असल में सोनिया और राहुल के दौर में पिछले ढाई दशक में कांग्रेस का शक्ति संतुलन लगभग पूरी तरह से बदल गया था। राजीव गांधी के समय तक सत्ता का केंद्र दिल्ली होती थी। सोनिया गांधी के कांग्रेस की कमान संभालने के बाद इसकी संरचना में बदलाव आने लगा और एक दशक में यह दिल्ली से शिफ्ट होकर अलग अलग राज्यों में पहुंच गया। आलाकमान या नेहरू गांधी परिवार कांग्रेस की सत्ता का केंद्र तो बना रहा लेकिन उसकी ताकत आभासी रह गई। उसे राज्यों के क्षत्रपों से रोशनी और ताकत दोनों लेनी होती थी। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर रेड्डी, हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मध्य प्रदेश में कमलनाथ, असम में तरुण गोगोई, दिल्ली में शीला दीक्षित, पंजाब में कैप्टेन अमरिंदर सिंह, राजस्थान में अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश में वीरभद्र सिंह से कांग्रेस आलाकमान को थोड़ी थोड़ी शक्ति मिलती थी। ये सब नेहरू गांधी परिवार के नाम की कसमें खाते थे लेकिन उनके कंट्रोल में नहीं थे। इनमें से किसी को हटाने की हैसियत कांग्रेस आलाकमान की नहीं थी। इन क्षत्रपों ने राज्य की राजनीति में अपना एकाधिकार बना लिया था, पार्टी के दूसरे नेताओं की अनदेखी करते थे और पार्टी कमजोर हो रही थी इसके बावजूद सोनिया और राहुल गांधी कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं थे। कह सकते हैं कि 2014 के बाद से सिर झुका कर किसी क्षत्रप ने कांग्रेस आलाकमान की बात नहीं मानी। जिसको आलाकमान ने आंख दिखाई उसने पार्टी छोड़ दी या पलट कर उससे ज्यादा लाल आंख दिखा दी। आलाकमान ने जिसको बनाए रखा वे मनमानी करते रहे और पार्टी डूबो दी। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से ज्यादातर क्षत्रप 1998 के बाद से सोनिया गांधी द्वारा बनाए गए थे। अब स्थितियां बदली हैं। लगातार दो बार बुरी तरह से हारने के बाद कांग्रेस को 99 सीट की संजीवनी मिली है। राहुल गांधी की छवि बेहतर हुई है और दो भारत जोड़ो यात्राओं की वजह से उनके नेतृत्व के प्रति कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों की आस्था बनी है। राहुल गांधी अपनी इस हैसियत का क्या इस्तेमाल करते हैं, इस पर कांग्रेस का भविष्य निर्भर करेगा। अगर वे अपनी निर्विवाद हैसियत का फायदा उठा कर क्षत्रपों को नियंत्रित करते हैं और संगठन को मजबूत बनाते हैं तो कांग्रेस के लिए आगे का रास्ता सुगम हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले राहुल गांधी को प्रादेशिक क्षत्रपों पर से निर्भरता कम करनी होगी। प्रदेश की राजनीति को सीधे संचालित करना होगा, जो कांग्रेस का पुराना मॉडल था। यह काम प्रभारी महासचिवों के जरिए होता था। जब दिल्ली में आलाकमान की ताकत कम हुई थी तो उसके द्वारा नियुक्त किए गए प्रभारियों की भी कोई हैसियत नहीं रह गई थी। प्रभारी राज्यों में जाकर वहां के प्रादेशिक क्षत्रपों के हिसाब से काम करते थे। कई बार तो ऐसा होता था कि प्रादेशिक क्षत्रपों की मर्जी से या उनकी पसंद से प्रभारी नियुक्त होते थे।

# जयपुर के विख्यात आयुर्वेद भिषगाचार्य, प्राण चिकित्सा में अग्रणी 96 वर्षीय वैद्य सुशील कुमार जी जैन का आज हो गये स्मृति-शेष

■ भारतीय चिकित्सा विद्या आयुर्वेद एवं प्राण उपचार को पुनर्जीवित कर पल्लवित व संवर्धित करने में रहा अनुकरणीय योगदान

-प्रो. अनिल जैन



वैद्य राज सुशील कुमार जैन जी का जन्म 2 नवंबर 1928 को जयपुर में हुआ । आपके पिता स्वर्गीय कपूर चंद जैन तथा माता स्वर्गीय महताब देवी थीं । समाजोत्थान हेतु आपके मन में बचपन से ही रचनात्मक कार्य करने की अदम्य लालसा रही । इसकी पूर्ति हेतु आपने सेवालय नाम से गुरुकुल आरंभ किया और छोटी कक्षा के विद्यार्थियों को नि:शुल्क ज्ञान दान देना आरंभ किया । बाद में आपने अपने निजी प्रयत्नों से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया और मानव समाज की सेवा करने के लिए इस क्षेत्र को अपना कर्म क्षेत्र निर्धारित कर लिया । गुरु शिष्य परंपरा से नाड़ी ज्ञान, औषध निर्माण ज्ञान, प्राण उपचार ज्ञान आदि की दक्षता आपने प्राप्त की और अपनी लगन व पुरुषार्थ से उसे विकसित किया । मात्र 25 वर्ष की आयु में आपने (1 जनवरी 1953 को ) आरोग्य भारती नाम से आयुर्वेदिक औषधालय प्रारंभ कर दिया था । जयपुर शहर के एक बड़ी हवेली नुमा भवन में संचालित औषद्यालय आरोग्य भारती में प्रतिदिन सैकड़ों रोगी वैद्य सुशील कुमार जी से प्राप्त नि:शुल्क चिकित्सा से आरोग्य लाभ प्राप्त करते रहे । असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगियों को पापा साहब (वैद्य सुशील जी का आत्मीयता पगा नाम) स्वयं देखते थे दीपावली आदि पर्वों पर भी वे अवकाश नहीं रखते थे । उनका जीवन - लक्ष्य था जनसेवा और इस हेतु अपने अहम् का विसर्जन कर ताउम्र सेवा की । आदरणीय सुशील जी ने जीवन के प्रारंभिक वर्षों में राजकीय सेवा से अपनी जीविका चलाई, किंतु उसे सेवा क्षेत्र में बाधक मानकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली । उनकी जीवनी - शक्ति का अक्षय स्रोत रहा --चिकित्सा, वह भी नयूनतम औषधियों देकर । वे प्रयासरत रहते थे कि घरेलू नुस्खों के माध्यम से आहार को व्यवस्थित कर रोगी का उपचार किया जा सके । पथ्य पर उनका अधिक बल रहता । क्या, कब और कितना खाना है इसका ध्यान रखने से भी रोग दूर हो सकता है । ये वो मानते रहे, सिखाते रहे, औषधी वे तभी देते जब परम आवश्यक हो, वह भी लगभग नि:शुल्क । सेवाभावी जन निकटवर्ती क्षेत्रों से जड़ी-बूटी एकत्र करते पापा साहब स्वयं अपने निर्देशन में ऋतु एवं रोग के अनुसार दवाएं तैयार करवाते थे । आपका मानना था कि शुद्ध मन से तैयार औषधी से रोगी को त्वरित आरोग्य लाभ प्राप्त होता है । औषधीय गुणों से युक्त तेल और चूर्ण (पाउडर) आदरणीय पापा साहब ने स्वयं विकसित किये । उनके औषधीय प्रयोग चिकित्सा जगत के लिए अमूल्य देन रहेंगे। प्राणोपचार के माध्यम से रोग निदान करना आपको चिकित्सा जगत में विशिष्ट स्थान दिलाता है । इस माध्यम से आपने अनेक असाध्य रोगियों का बिना औषध के उपचार किया । आपका कहना था कि रोगी में प्राण ऊर्जा की कमी होने पर प्राण चिकित्सक उसे त्वरित प्राण ऊर्जा देकर स्वस्थ कर सकता है । रोगी के जिस अंग या स्थान पर ऊर्जा की क्षीणता के कारण रोग उत्पन्न है, वहां थेपन, दोलन, शिथिलीकरण आदि क्रियाओं से वे स्वयं प्राण चिकित्सा करते थे । विक्षिप्त , मंदबुद्धि बच्चों पर उनकी प्राण चिकित्सा विशेष प्रभावी सिद्ध हुई । ब्रह्म मुहूर्त में नियम पूर्वक ध्यान व संयम द्वारा प्राण ऊर्जा का संचयन तथा प्राणोपचार के माध्यम से उसका रोगी बंधुओं में वितरण आपकी रोगनिदान क्रिया का नियमित क्रम रहा । समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आप संगोष्ठी द्वारा इस पद्धति का प्रशिक्षण भी देते रहे, परंपरागत गुरुकुल पद्धति को आपने स्वीकार किया । आप दुखी, रोगीजन के लिए आशापरिपूर्ण प्रकाश पुंज थे । प्राणिमात्र का मंगल हो और सबकोआरोग्य प्राप्त हो, इस हेतु अपना सब कुछ न्योछावर कर देने वाले सादा जीवन के धनी, उच्च विचार युक्त ऐसे आदर्श चिकित्सक व विलक्षण व्यक्तित्व इस दौर में आश्चर्य से कम नहीं थे ।

स्वांत: सुखाय- परजनहिताय, यह इनके जीवन का चरम लक्ष्य रहा ।

उनका एक ही भाव रहा- सबका शुभ हो सबका मंगल हो ।

उनका जाना आयुर्वेद के बडे प्रकाश पुंज के विलीन होने जैसा है : विनम्र श्रद्धांजलि

## वैद्य राज सुशील कुमार जी का चांदपोल मोक्ष धाम पर हुआ अंतिम संस्कार.........

■ हजारों शहरवासियों ने नम आंखों से दी विदाई



जयपुर (विश्व परिवार) । भारत के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद तथा प्राण चिकित्सक वैद्यराज सुशील कुमार साह का रविवार दिनांक 14 जुलाई को 97 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया । प्रात: 11.15 बजे किशनपोल बाजार के मनिहारों का रास्ता स्थित आरोग्य भारती से उनकी अंतिम यात्रा रवाना हुई । चांदपोल मोक्ष धाम में विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया । उनके छोटे भ्राता राजेन्द्र के शेखर ने मुखाग्नि दी । शहर के गणमान्य लोगों सहित हजारों शहरवासियों ने नम आंखों से अपने पूजनीय पापा साहब वैध राज सुशील कुमार जी साह को अंतिम विदाई दी ।

आरोग्य भारती के मंत्री नवीन बिल्टीवाला एवं राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मंगलवार 16 जुलाई को प्रात: 9.30 बजे भट्टारक जी की नसियां में तीये की बैठक होगी ।

वर्ष 1953 में आरोग्य भारती की स्थापना के प्रमुख स्तंभ रहे जिसके माध्यम से विगत 70 वर्षों से अनवरत निस्वार्थ चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही है द्य भारतीय पुरातन आयुर्वेद तथा प्राण चिकित्सा के संवर्धन एवं संवर्धन में आपका दीर्घकालीन एवं अमूल्य योगदान रहा है ।

आपने अपने जीवन में चिकित्सा के माध्यम से लाखों लोगों को आरोग्य लाभ निस्वार्थ भाव से प्रदान किया ।

वे आयुर्वेद, ज्योतिष ,प्राण चिकित्सा, वास्तु आदि के उत्कृष्ट ज्ञान के धारी थे और भारत की आदर्श पुरातन चिकित्सा पद्धति के स्तंभ थे ।

उनका पूरा जीवन रोगियों के रोग निदान तथा साधुसंतों एवं त्यागी व्रतीयों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु वैया व्रत के लिए सदैव समर्पित रहा। ज्ञान ध्यान सेवा आराधना उनके जीवन का उद्देश्य था उन्होंने अनेकों शिष्यों को तैयार किया है जो जयपुर तथा जयपुर से बाहर उनकी विशिष्ट प्राण चिकित्सा को आगे बढ़ा रहे हैं ।

अनेकों राजनेता,अभिनेता, उद्योगपति आदि उनकी विशिष्ट चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित हो चुके थे ।अनेकों गण मान्य लोगों जनप्रतिनिधि, साधु संत, विभिन्न संस्थाओं ने इस अवसर पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है । वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार तथा योग्य शिष्य जो उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं छोड़कर गए हैं ।

उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए मानव मात्र की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

आदरणीय पापा साहब वैध राज सुशील कुमार जी साह के निधन पर जयपुर की कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने नम आंखों से विनयांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया ।

राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, महावीर कैंसर हॉस्पिटल के नवरत्न मल जी कोठारी,चूलगिरी अतिशय क्षेत्र अध्यक्ष श्री प्रवीण चंद छाबड़ा, राजस्थान जैन सभा के मंत्री एवं राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा,प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधान्शु कासलीवाल, मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला, जयपुर नगर निगम ग्रेटर के उप महापौर पुनीत कर्णावट श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मंत्री सुनील बख्शी, श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाडियाँ, जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति की अध्यक्ष डॉ शीला जैन,मंत्री पुष्पा सोगानी, अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के अध्यक्ष सुधीर जैन, मानद् मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के अंचल अध्यक्ष राज कुमार कोठयारी, महामंत्री योगेश टोडरका, श्री धर्म जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पदम बिलाला, श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राजस्थान अंचल अध्यक्ष कमल बाबू जैन, महामंत्री राजेन्द्र बिलाला, श्री वीर सेवक मण्डल जयपुर के अध्यक्ष महेश काला,मंत्री भानू छाबड़ा, अशोक जैन नेता, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया, कार्याध्यक्ष भारत भूषण जैन,राजेश बड़जात्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पाण्डया, कमल सरावगी, सांगानेर सम्भाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, मनोज सोगानी, यशकमल अजमेरा, कमल वैद आदि ने वैधराज के निधन को जयपुर सहित सम्पूर्ण विश्व के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि आयुर्वेद, प्राण चिकित्सा, आदर्श पुरातन चिकित्सा, अध्यात्म के पुरोधा का अन्त हो गया है ।

## विश्व परिवार की यादों मे: आरोग्य भारती

भारत देश में आयुर्वेद जगत के मर्मज्ञ वैध राज सुशील कुमार जैन जयपुर के देहावसान के खबर मिलते ही पूरे आयुर्वेद जगत के साथ जैन जगत में शोक की लहर छा गई ।

वैध राज सुशील जी ने जयपुर में एक ऐसे आयुर्वेदिक संस्थान की स्थापना की है जो कि अपने आप में एक औषधि निर्माण केंद्र के साथ-साथ एक दर्शनीय आयुर्वेद संग्रहालय है ।

श्री प्रकाश मोदी जी निदेशक पारस चैनल के साथ विगत 2 वर्ष पूर्व उनके इस संस्थान के भ्रमण का अवसर मिला ।

तब देखा कि--

वहां बनने वाली आयुर्वेदिक औषधियां णमोकार मंत्र एवं भक्तांबर महामंत्र के उच्चारण के साथ तैयार की जा रही हैं ।---आयुर्वेद चिकित्सा पर शोध प्रबंध पर कई एचडी के कार्य संपादित किया जा चुके हैं । बरसों पुराने जल का ----अलग-अलग स्थान से वर्षों पुराना जल संग्रह कर उन पर भी शोध कार्य किया जा रहा है ।

वात, पित्त, कफ तीनों प्रकार के रोगों पर अलग-अलग प्रयोगशालाएं बनाकर शोध कार्य संपादित किया जा रहे हैं ।---छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद से परिचित कराते हुए कैसे बेहतर सेवाएं दी जा सकते हैं इसका ज्ञान अर्जन कराया जा रहा है ।

इसी संस्थान में एक कक्ष का निर्माण किया गया है जिसमें की जैन संत को किस प्रकार का कक्ष विश्राम हेतु बनाया जाना चाहिए यह मॉडल तैयार कर किया गया है । विशेष लेप आदि कर उसकी दीवारों को सुसज्जित किया गया है । यह अपने आप में एक समाज के लिए मार्गदर्शक मॉडल बना हुआ है ।

आपका संस्थान द्वारा देश के विभिन्न अंचलों में आयुर्वैदिक नाडी शिविर लगा करके सेवाएं दी जाती रही है । लगभग 2 वर्ष पूर्व रायपुर में भी इस संस्थान द्वारा नाडी शिविर लगाकर लगभग 700 लोगों का परीक्षण कर आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई थी ।

जयपुर से संस्थान में नि:शुल्क सेवाएं मरीज को प्रदान की जाती हैं । जो अपने आप में महत्वपूर्ण है साधु संतों की सेवा के साथ-साथ गंभीर रोग ग्रस्त मरीजों को आयुर्वेद के द्वारा स्वस्थ बनाने के लिए यह संस्थान सुविख्यात है । उनके संस्थान की ओर से कला कासलीवाल जी एवं पूरी टीम समर्पित भाव से संस्थान की उद्देश्यों के पूर्ति के लिए संलग्न रहती है ।

आपका जाना आयुर्वेद की जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति है । पापा साहब का यह संस्थान आयुर्वेद जगत को जयवंत बनाता रहे ऐसी ऐसी भावनाएं हैं । महा भव्य आत्मा को हमारी अंतस्तल से विनयांजली ।

**प्रदीप कुमार जैन**
**संपादक**
**दैनिक विश्व परिवार**
**रायपुर झांसी**



आरोग्य भारती जयपुर मे पापा साहब के साथ कला कासलीवाल जी, संस्थान के अन्य सहयोगी जनो के साथ श्री प्रकाश मोदी निदेशक पारस चैनल एवं प्रदीप जैन संपादक, दैनिक विश्व परिवार झांसी/रायपुर

# 75 साल बाद भी नाटो के सामने वही शत्रु

श्रुति व्यास

रूस ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। जिस समय व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री मोदी से गलबहियां कर रहे थे और दोनों नेता कूटनीतिक ठहाके लगा रहे थे, उसी समय बहुत सारी मिसाइलें यूक्रेन के बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल से टकराईं। ओखमाद्यित यूक्रेन का बच्चों का सबसे बड़ा अस्पताल है और कैंसर के इलाज के लिए विख्यात है। वहां बहुत से बच्चे कई महीनों से रह रहे थे। हमले में यह अस्पताल मलबे के ढेर में तब्दील हो गया और 36 लोग मौत के मुंह में समा गए। कीव का ओखमाद्यित अस्पताल काफी समय से यूक्रेन के सबसे जटिल बीमारियों से जूझते और गंभीर रूप से बीमार बच्चों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। युद्ध के शुरू होने से लेकर अब तक उसके डॉक्टरों ने रूसी बमबारी में घायल होने वाले बच्चों की जान बचाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है और साथ ही पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों की देखभाल भी की है।सोमवार को यह जीवनरक्षक केंद्र तहस नहस कर दिया गया, जमींदोज कर दिया गया। यह बहुत ही बर्बर हमला था। अस्पताल को तब निशाना बनाया गया जब वहां सबसे ज्यादा भीड़भाड़ थी। %गार्जियन' में छपी खबर के अनुसार, हमले के समय एक ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर एक बच्चे का ऑपरेशन कर रहे थे। उस थिएटर का नामोनिशान नहीं बचा है। अस्पताल के अंदर की तस्वीरों में खून से सने बच्चे, गिरी हुई छतें और बरबाद हो चुके ऑपरेशन थिएटर नजर आ रहे हैं। कितने लोग मलबे में दबे हुए हैं, यह अभी साफ नहीं है। फरवरी 2022 में शुरू हुए आक्रमण के बाद से यह यूक्रेन की राजधानी पर किए गए सबसे भयावह हमलों में से एक था।इस हमले ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। चारों ओर इसकी निंदा की जा रही है और आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। वोल्दोमीर जेलेंस्की ने बदला लेने की कसम खाई है।नाटो के सामने यह पहली चुनौती है, जिस पर तुरंत ध्यान देकर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। रूस के मिसाइल हमले से यह भी साफ हो गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली कितनी कमजोर है। इस सप्ताह नाटो के नेता संगठन की 75वीं वर्षगांठ एवं उसके वार्षिक सम्मेलन के लिए वाशिंगटन में एकत्रित होंगे। वे जेन्स स्टोल्टेनबर्ग को विदाई देंगे और यूके के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का स्वागत करेंगे। वे दुबारा वही लड़ाई लडऩे का संकल्प करेंगे, जिसे लडऩे के लिए 1949 में इस संगठन का गठन किया गया था- यानी यूरोप में तत्कालीन सोवियत संघ के विस्तारवादी इरादों को थामने की कोशिश। आज 75 साल बाद भी नाटो के सामने वही शत्रु है, वही रूस है और उसकी वही दुष्टता है। हालांकि शत्रु वही है, लेकिन नाटो पहले जैसा नहीं है। 75वीं वर्षगांठ मनाने का उद्देश्य दुनिया, रूस, पुतिन और अन्य संभावित प्रतिद्वंद्वियों को यह अहसास दिलाना था कि यह आत्मविश्वास से भरा, एकताबद्ध गठबंधन है। लेकिन वाशिंगटन में एकत्रित हो रहे नेता अनिश्चितता और दुविधा से घिरे होंगे। %आखिर कब तक' यह सवाल उनके दिलोदिमाग पर छाया होगा। आंशिक रूप से यह बाहरी खतरों की वजह से होगा लेकिन मुख्यत यह आंतरिक कारणों से होगा। इनमें सबसे प्रमुख कारण होगा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप की वापसी की संभावना। ट्रंप की नजरों में नाटो जर्जर' हो गया है और वे गठबंधन को छोडऩे की धमकी दे चुके हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा कि वे रूस को मनमानी करने देंगे। डिबेट के बाद हुई रायशुमारियों में ट्रंप के जो बाइडेन से आगे निकल जाने के बाद से गठबंधन के महत्वपूर्ण यूरोपीय सदस्यों में इस बात पर विचार विमर्श प्रारंभ हो गया है कि गठबंधन के लिए ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के मायने क्या होंगे- और क्या वे अमेरिकी हथियारों, धन एवं गुप्तचर सूचनाओं के बिना रूस का मुकाबला कर पाएंगे।नाटो इन 75 सालों में बहुत बदल गया है। 1949 के 12 के मुकाबले आज, जब महाशक्तियों का टकराव दुबारा प्रारंभ हो गया है, उसके 32 सदस्य हैं। पिछले साल विल्न्यूस में हुए सम्मेलन में नाटो ने शीत युद्ध के बाद पहली बार गठबंधन के देशों की भूमि की रक्षा की विस्तृत योजना को स्वीकृति दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्यिका गुरुमति माताजी एवं वरिष्ठ आर्यिका दृणमति माताजी का विदिशा नगर अरिहंत विहार में हुआ आगमन



**विदिशा (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रथम शिष्या एवं आचार्य समयसागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती आर्यिका गुरुमति माताजी एवं वरिष्ठ आर्यिका दृणमति माताजी का प्रात:काल विदिशा नगर आगमन अरिहंत विहार में हुआ। प्रवचन एवं आहार चर्या उपरांत सांयकाल अस्पताल रोड़ से आर्यिकासंघ ने शीतलधाम पहुंचकर निर्माणाधीन श्री आदिनाथ जिनालय, समवसरण मंदिर की ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर अबलोकन किया रात्री विश्राम किया।प्रात:काल अभिषेक एवं शांतिधारा उपरांत भोपाल की ओर मंगल विहार किया। रविवार को सांची में आहार चर्या संपन्न हुई एवं सांयकाल विहार कर आर्यिकासंघ सलामतपुर में पारस गार्डन पहुची एवं रात्री विश्राम हुआ। प्रवक्ता अविनाश जैन विदिशा ने उपरोक्त जानकारी प्रदान की। **-अविनाश जैन**

### रामगंजमंडी नगर के विभोर जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर नगर एवं जैन समाज को किया गौरवान्वित

**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** स्वर्गीय श्री योगेश जैन एवं श्रीमती ममता जैन के सुपुत्र विभोर जैन ने सी.ए. फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर रामगंज मंडी नगर एवं जैन समाज को गौरवान्वित किया। 23 वर्षीय विभोर जैन ने इसका श्रेय अपने दादा श्री ललित जैन बागडिया, एवम दादी श्रीमति कल्याणमाला जैन बागडिया की आशीष को दिया। विभोर ने बताया कि जब भी मैं विचलित होता था तो दादा-दादी मेरी माता जी एवं बड़े भैया तन्मय जैन और भाभी गुंजन जैन मेरा साहस संबल बढ़ाते। बता दें कोरोना जैसे भीषण समय में उन्होंने घर पर रहकर ऑनलाइन अध्ययन किया और सफलता ने मेरे कदम चूमे। जैसे ही उनके सी.ए. बनने की खबर घर वालों एवं मित्रों को मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और बधाई देने वालों का ताता सा लग गया। समाजबंधुओ, मित्रों, शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**



# मुनि श्री पुण्य सागर जी महाराज का 21 वर्षों बाद नगर गौरव मुनिराज एवं माताजी सहित 18 साधुओं के साथ होगा भव्य मंगल प्रवेश

### सिद्धचक्र मंडल विधान होगा प्रारंभ



**घरियाबाद (विश्व परिवार)।** घरियाबाद नगर जहां अनेक जिनालय है यह अनेक साधुओं की जन्म भूमि, कर्म भूमि, दीक्षाभूमि, समाधि भूमि, पंचकल्याणक भूमि में मुनि श्री पुण्य सागर जी महाराज अपने 18 साधुओं सहित 21 वर्षों के बाद भव्य मंगल प्रवेश कर रहे हैं। दिनांक 15 जुलाई से ही आठ दिवसीय सिद्ध चक्र मंडल विधान भी प्रारंभ होगा। मुनि श्री पुण्य सागर जी दिनांक 13/7/2024 को खूता तथा दिनांक 14/7/2024 को मऊ प्रवेश और आहार चर्चा होगी।

विशाल मुनि संघ के आगमन को लेकर जैन समाज ही नहीं वरन सम्पूर्ण नगर उत्साहित हैं।नगर को दुल्हन की भांति सजाया गया है घर-घर पर रोशनी और फ्लेक्स कट आउट लगाए गए हैं घरों के सामने रंगोली बनाई जा रही है। नगर के पुरुष महिलाये निर्धारित वेषभूषा में अगवानी करेगी। मुनि श्री पुण्यसागर जी, के साथ महोत्सवसागर जी, मुदितसागर जी, उदितसागर जी, उत्सवसागर जी, उपहारसागर जी, पूर्णसागर जी, आर्यिका सौरभमति जी, प्रमोदमति जी, हर्षितमतिजी, पर्वमति जी, उत्साहमति जी, निर्णयमति जी, निश्चयमति जी नियममति, उपासना मति जी, आ उपसममति जी, आ स्वर्णमति जी, क्षु सुवर्णमति जी का पदार्पण होगा।

**अनेक शिखर बंद जिनालयों की नगरी :** धरियावद नगर में 1008 श्री चंद्र प्रभु बड़ा मंदिर, श्री पदम प्रभु दिगंबर मंदिर, श्री आदिनाथ मंदिर श्री महावीर मंदिर, श्री चंद्रप्रभु मंदिर नंदनवन, श्री आदिनाथ मंदिर नसिया जी सहित तीन चैत्यालय नगर में है

**समाधि भूमि :** नगर को यह गौरव प्राप्त है कि प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती श्री शान्तिसागर जी के परम प्रभावक शिष्य अनेक ग्रन्थ के लेखक आचार्य श्री कुंथुसागर जी की 1/7/1945 को समाघि हुई।आपके सहित अनेक साधुओं की समाधि यहां हुई है। और पंचम पट्टाघीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के सानिध्य में वर्ष 2001 में आ श्री विपुल मति, आ श्री सुपारसमती तथा वर्ष 2002 में आ श्री विशुद्धमति जी की समाधि धरियावद में हुई है।

**अद्भुत संयोग :** वर्ष 2001 में आर्यिका श्री सुपार्श्वमति जी का घरियाबाद नंदनवन में आर्यिका श्री विशुद्ध मति माताजी के समाधि हेतु आगमन हुआ तब आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने कहा कि आज आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की परंपरा के सभी आचार्यों के शिष्य धरियावद में मौजूद है।आचार्य श्री वीर सागर जी की शिष्या आर्यिका श्री सुपार्श्वमति माताजी, आ श्री शिव सागर जी के शिष्या आर्यिका श्री विशुद्ध मति माताजी, आचार्य श्री धर्म सागर जी के शिष्य आचार्य श्री वर्धमान सागर जी आर्यिका श्री शुभमति माताजी आचार्य श्री अजीत सागर जी की शिष्य मुनि पुण्य सागर जी आर्यिका श्री चैत्य मती जी एवं आचार्य वर्धमान सागर जी के दीक्षित अनेक शिष्य मौजूद है।इस प्रकार आर्यिका श्री विशुद्धमति जी की समाधि के लिए पांच पीढ़ी के आचार्य शिष्य उपस्थित है।

**साधु दीक्षा, भूमि :** पंचम पट्टाघीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने वर्ष 2001 में श्री मूर्ति मतीजी को धरियावद में क्षुल्लिका दीक्षा दी। थी।आर्यिका श्री प्रशांत मति माताजी ने चार दीक्षा दी। अनेक साधुओं ने नगर में दीक्षा दी है।

**अनेक साधु की जन्म कर्म भूमि :** चतुर्थ पट्टाघीश आचार्य श्री अजीत सागर जी महाराज से नगर के श्री कांतिलाल जी ने मुनि दीक्षा लेकर मुनि श्री समाधि सागर जी बने आपकी दीक्षा सन 1987 में केसरिया जी ऋषभदेव में हुई। वात्सल्य वारिघी पंचम पट्टाघीशआचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज द्वारा नगर में अनेक दीक्षित शिष्य है नगर के श्री महावीर जी भोपावत ने 20 फरवरी 2015 को मुनि दीक्षा लेकर मुनि श्रेयस सागर जी बने।आपकी समाधि 19/12/2022 को बौली नगर में हुई। श्रीमती पुष्पा भोपावत ने आचार्य वर्धमान सागर जी से14/10/2016 को दीक्षा लेकर आर्यिका श्री श्रेयमति बनी।आपकी समाधि 20/7/2020को बैलगाव में हुई।श्री इंद्रमल जी ने 13/8/2021मुनि दीक्षा लेकर मुनी श्री पदम कीर्ति जी महाराज बने आपकी समाधि 17/6/2022को बिसतुनिया में हुई। नगर के श्री आदेश्वर जी ने 13 फरवरी 2023 को मुनि श्री मुमुक्षु सागर जी बने। इसी प्रकार मुनि श्री पुण्य सागर जी से नगर की श्रीमती भूरी बाई ने 2016 में दीक्षा ली और आ श्री उत्साह मति बनी इसी प्रकार वर्ष 2017 में श्री रंगलाल जी ने मुनि दीक्षा लेकर मुनि श्री उदित सागर जी बने। इसके पूर्व भी नगर से अनेक दीक्षाये हुई। नगर के सरिया परिवार से मुनि श्री सुधर्म सागर जी ने आचार्य श्री महावीर कीर्ति जी से दीक्षा ली। इसी प्रकार दोषी परिवार से मुनि श्री उदय सागर जी ने भी दीक्षा ली।

**वर्षों की आस पूरी होगी :** नगर धरियावद से इसके पूर्व जितने भी साधु हुए वह दीक्षा लेने के बाद घरियाबाद नहीं आ सके मुनि श्री समाधि सागर जी1987 के बाद, मुनि श्रेयस सागर जी, मुनि श्री पदम कीर्ति जी आ श्री श्रेयमति माताजी आर्यिका श्री योगीमति इनका दीक्षा के बाद आगमन नहीं हो सका।

नगर घरियाबाद की बेटी बहन 65 वर्षीय ब्रह्मचारिणी मंजू दीदी गनोडिया ने भी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज से20/10/2023 को आर्यिका दीक्षा ग्रहण की उनका नाम आर्यिका श्री योगी मति किया गया।आपकी समाधि सलूंबर में दिनांक 19/2/2024 को हुई।

**सुखद संयोग :** नगर के मुनि श्रेयस सागर जी और आर्यिका श्री श्रेयमती जी दोनों पति-पत्नी ने वैराग्य मार्ग को धारण किया इसी प्रकार मुनि श्री समाधि सागर जी महाराज और आर्यिका श्री उपहारमति माताजी भी पति-पत्नी है जिन्होंने वैराग्य मार्ग को धारण किया।

अब नगर के श्री उदित सागर जी और आ श्री उत्सवमति जी का नगर प्रवेश हो रहा है। विश्व का सबसे छोटा 37शिखरो वाला जिन मंदिर नंदनवन धरियावद में प्रतिष्ठाचार्य पंडित श्री हंसमुख जी शास्त्री द्वारा निर्मित नंदनवन में विश्व का सबसे छोटा 37 शिखरो वाला श्री चंद्र प्रभु जिनालय स्थित है। **-राजेश पंचोलिया**

# दिगंबर जैन समाज द्वारा आचार्य श्री वीराग सागर जी महाराज को विनयांजली



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा बुंदेलखंड के प्रथम गणाचार्य वात्सल्य मूर्ति आचार्य विराट सागर महाराज को विनयान्जलि दी गई। विनयांजलि समर्पित करते हुए सचिव अखिलेश नाहर ने उनकी जीवनी पर चर्चा प्रकाश डाला।

अध्यक्ष किशोर सिंघई ने उनके जीवन चर्या पर अपने विचार प्रगट कर कहा कि आचार्य विरागसागर महाराज जी ने धर्म नगरी नयापारा में दीक्षा प्रदान कर उत्कृष्ट समाधि विमान श्री माताजी की कराई थी एवं 40-पीछी सहित नयापारा में करीब 40 दिनों तक विराजमान थे।आचार्य श्री के संघ में बहुत से बुजुर्ग महाराज एवं माताजी है। उन्होंने अब तक 130 माताजी, महाराजों की समाधि कराई।बहुत ही सरल व्यक्तित्व वाले आचार्य विराग सागर जी महाराज की समाधि जालना महाराष्ट्र में मात्र 61 वर्ष की उम्र में 4 जुलाई हो गई। उन्होंने करीब 350 दीक्षाएं प्रदान कर अपने श्रमण संघ को सद्मार्ग में लगाकर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया।

आचार्य विराट सागर महाराज की विनयांजलि सभा को डॉक्टर राजेंद्र गदिया, संजय सिंघई, संजय राजू जैन, सत्यम चौधरी, आकाश गंगवाल, अनिमेष नाहर एवं सकल जैन समाज के अध्यक्ष शेखर बाफना सहित अनेक व्यक्तियों ने अपने भाव प्रकट किए। महिला मंडल अध्यक्ष कामिनी चौधरी, सुनीता चौधरी, सुनंदा जैन, अनीता सिंघई, समता सिंघई, बबीता चौधरी, अंजलि पहाड़िया, मोनिका गंगवाल आदि ने भी अपनी विनयांजलि दी। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योति जैन एवं अभिलाषा जैन ने किया।

गणाचार्य विराग सागर महाराज जी के द्वारा अपनी समाधि के पूर्व में संघ के मुनिराज एवं माताजी के आगे की संघ की आगे व्यवस्था के लिए संघ के सफल संचालन के लिये आचार्य विशुद्ध सागर जी को गणाचार्य पद से विभूषित कर अपना पद उन्हें प्रदान कर समता पूर्वक अपनी समाधि की ओर आगे बढ़े। मुनि श्री सुधा सागर महाराज जी ने भी उन्हें संबोधित कर मोक्ष मार्ग प्रशस्त कराया था। वर्तमान गणाचार्य विशुद्ध सागर जी के संघ 400 से 500 पिछि धारी साधु है। विश्व मे दिगम्बर जैन साधु का सबसे बड़ा संघ है।

**-किशोर जैन**

# आज का युवा केवल तारीफ का भूखा, चाहे वह झूठी ही क्यों न हो उसकी परवाह नहीं : श्री विरागमुनि जी महाराज



### आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024
### जैनसंत श्री विरागमुनि जी का आज मंगल प्रवेश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज का युवा केवल तारीफ का भूखा है, उसे सिर्फ अपनी तारीफ सुनना पसंद है। चार लोगों के सामने कोई तारीफ कर दे तो क्या ही कहना, इज्जत के महल में चार चांद लग गए हो मानो। यह सत्य है। किसी को अपनी तारीफ और सम्मान में कमी नहीं चाहिए। किसी ने जरा सा भी उपर नीचे कुछ कह दिया तो देखिए फिर। आज कल बड़े-बड़े रिश्ते भी झूठे तारीफों के पूल पर ही टिके हुए हैं। झूठी तारीफ पाने के लिए सब आतुर है, जबकि आपको पता है कि सामने वाला व्यक्ति झूठी तारीफ कर रहा है फिर भी आप फुले नहीं समाते हो। अगर आपको पता है कि कोई आपकी झूठी तारीफ कर रहा है तो आप उससे किनारा कर सकते है लेकिन आप ऐसा नहीं करते है। ऐसा व्यक्ति आपसी संबंधों को बांधे रखने या फिर अपने निजी स्वार्थ सिद्ध करने के लिए करता है। अब यह निर्भर करता है कि आपको ऐसे व्यक्ति से संबंध रखना है या नहीं। यह बातें राजधानी के सदर बाजार स्थित जैन मंदिर में चल रहे प्रवचन श्रृंखला जिनवाणी की वर्षा के दौरान रविवार को दिर्घ तपस्वी प.पू. श्री विरागमुनि जी म.सा. ने कही।

मुनिश्री कहते है कि आज झूठ बोलने की नौबत क्यों आ रही है, यह समझने वाली बात है। आज आपको अगर एक दिन में चार शादियां अटेंड करनी है तो आप छोटे भाई, संतान और बुजुर्गों को केटेगरी देख कर अलग-अलग पार्टियों में शामिल होने भेज देते हो। वहीं, जब धर्म की बात आती है तो आप व्यापार को पुत्र के हवाले कर खुद धार्मिक आयोजनों में शामिल हो जाते हो। ऐसा इसलिए क्योंकि आप डरते हो कि कहीं आपका पुत्र जो आपका उत्तराधिकारी है, वह गुरूवाणी से प्रभावित न हो जाए। जबकि आप खुद व्यापार संभालते और बच्चों को धर्म सभाओं में भेजते तो आज यह नौबत आती ही नहीं कि आपको अपने बच्चों को समझाना या डांटना पड़े। हमें इस भव में आत्मा के गुणों में सुधार करना है। वैसे इसमें बच्चों की कोई गलती नहीं बल्कि माता-पिता और दादा-दादी की है। उन्होंने बचपन से बच्चों को यह संस्कार दिये होते तो आज यह नौबत आती ही नहीं। जबकि आज तो लोग धन-संपत्ति कमाने के लिए पाप की गिनती नहीं गिनते, उलटा पाप के रास्ते पर चलने लग जाते है। आपको पुण्य चुनना है क्योंकि पाप के रास्ते आसान तो होते है लेकिन जब पाप से आपका मन भर जाता है तो पुण्य के ट्रैक पर आपका वापस आना मुश्किल हो जाता है फिर आपको बहुत पुरूषार्थ करना पड़ता है।

**मुनिश्री का आज होगा 121वां उपवास :** रायपुर की पावन धरा में 20 जुलाई से जैन संत दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी का चातुर्मास प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने रविवार को अपना 120वां उपवास पूरा कर लिया है और सोमवार को मंगल प्रवेश के दिन उनका 121वां उपवास होगा। इन उपवास के बाद पारणा वे उनके द्वारा लिए गए संकल्प पूर्ण होने के बाद करेंगे। **-महेंद्र कोचर**

### सदर बाजार से दादाबाड़ी तक निकलेगा भव्य वरघोड़ा

आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति 2024 के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि रायपुर को इस वर्ष श्री विरागमुनि जी के वर्षावास का सौभाग्य मिला है और इसी कड़ी में सोमवार को मुनिश्री का दादाबाड़ी में मंगल प्रवेश होगा और सुबह 7.30 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से दादाबाड़ी तक भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा। मुनिश्री के मंगल प्रवेश के लिए देशभर से श्रावक-श्राविकाएं रायपुर की पावन धरा पर पधार चुके हैं। इसी के साथ 15 जुलाई को सुबह 9 बजे भव्य वरघोड़ा दादाबाड़ी पहुंचेगी और आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 की मंगलमयी शुरूआत हो जाएगी।

# अकलतरा नगर के 12 बालक-बालिकाओं का उपनयन संस्कार पूरे विधि-विधान से संस्कारित किया गया



**अकलतरा (विश्व परिवार)।** परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के दीक्षा दिवस दिनांक 11/7/24 को चन्द्र गिरी डोंगरगढ़ में आचार्य श्री जी के दीक्षा समारोह के साथ अखिल भारतीय उपनयन संस्कार शिविर 8 वर्ष से 16 वर्ष के बालक, बालिकाओं के लिए आयोजित किया गया था।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 आगम सागर जी, मुनि श्री 108 पुनीत सागर जी एवं एलक श्री धैर्य सागर महाराज जी द्वारा पूरे भारत वर्ष से आये 1000 बालक बालिकाओं को हजारों लोगों की उपस्थिति के साथ ही अकलतरा नगर के 12 बालक बालिकाओं को पूरे विधि-विधान से संस्कारित किया गया। इस उपनयन संस्कार शिविर में गुरुकुल शिक्षा, जनेऊ धारण, बाल मुंडन एवं सभी के सिर पर जल लौंग पुष्प छेपन कर मन्त्रों के माध्यम से संस्कारित किया गया। जीवन भर जुआ, मद्यपान, मांसाहार, धुम्रपान, गुटखा, तंबाकू, अभक्ष्य पदार्थ के त्याग के साथ जीवन मे कोई भी अनैतिक कार्य न करने एवं धर्म एवं समाज की सेवा करने के लिए सभी को संकल्पित किया गया।

चन्द्र गिरी डोंगरगढ़ कमेटी द्वारा आमंत्रित एवं अकलतरा नगर से शिविर में सहभागिता दे रहे सुशील जैन ने बताया की उपनयन संस्कार शिविर में अकलतरा जैन समाज के सदस्यों की उपस्थिति में अकलतरा जैन समाज के 15 बच्चों ने शिविर में अपनी सहभागिता निभाई। बच्चों को यदि बाल्यकाल में संस्कार दिए जायें तो उनकी सोच में बदलाव के साथ अपने जीवन काल में दया धर्म के साथ अपना सुखमय जीवन बिताने के संस्कार अंकुरित होंगे। पूज्य मुनि श्री जी द्वारा अपने प्रवचन के माध्यम से सभी बच्चों को विशेष रूप से सम्बोधित किया एवं सुखमय जीवन के अनेक गुणों को उनके हृदय में समाहित किया। चन्द्र गिरी कमेटी द्वारा सभी बच्चों को चांदी का ब्रेसलेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जैन समाज अकलतरा के श्रावक श्राविकाओं के साथ बालकों में चिरंजीवी, विधान, श्रेय, आरव, आयुष, अनन्य, अक्षत, अर्चित जैन के साथ बालिकाओं में रम्या, आन्या, रिद्धि, अवनी, नव्या जैन ने संस्कार शिविर में भाग लिया एवं संस्कारित हुए। जैन समाज अकलतरा के सभी सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को शुभकामनाओं के साथ मंगल आशीर्वाद देकर सभी संस्कारित बच्चों का अभिनंदन किया। **-सुशील जैन**

# जीवन में धर्म ध्यान ही पुण्य का कारण : मुनि श्री महासागर जी

### जैन अटा मंदिर में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का हुआ शुभारंभ



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** जैन अटा मंदिर में अभिनवाचार्य 108 समय सागर महाराज के आर्शीर्वाद एवं मुनि श्री 108 महासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारम्भ विधानाचार्य अविनाश भैया भोपाल के मार्गदर्शन में हुआ। जिसके प्रारम्भ में अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त वेदिका शुद्धि पात्र शुद्धि सकलीकरण इन्द्र प्रतिष्ठा की मांगलिक कियाएं आयोजित की गई।इस मौके पर मुनि श्री महा सागर महाराज ने कहा जीवन में धर्मध्यान ही पुण्य का कारण है। उन्होंने सिद्धों की अराधना के पर्व की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा जहां बोलने से धर्म की रक्षा होती हो प्राणियों का उपकार होता हो वहां बिना पूछे ही बोलना और जहां आपका हित नहीं हो वहां मौन ही रहना उचित कहा है। उन्होंने कहा धन कमाना कठिन है और अगवाना बहुत आसान है।परन्तु उस धन का भी भरोसा नहीं कब चला जाए। मुनि श्री ने कहा निर्दोष स्वभाव में रहकर धर्मार्थ करने से ही परमात्म बन पाओगे। इसके पूर्व जैन अटामंदिर से घटयात्रा कलश यात्रा निकली।जिसमें महिलाए मंगल कलश लेकर प्रभावना कर रही थी। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह यात्रा विधान स्थल पर पहुंची जहां विधानाचार्य व्रहचारी भैया अविनाश ने प्रमुख पात्र सौधर्म इन्द्र राकेश, नीलम कामरा, कुवेर राजेश कैलगुवा, महायज्ञानायक शिखरचंद्र झरावटा, श्रीपाल मैनासुन्दरी राजेश कैलगुवा, विमल कुमार पीहर साडी रवीन्द्र बुखारिया, संतोष जैन एडवोकेट मन्त्रोच्चार के साथ शुद्धि की। मण्डप पर दीप प्रज्जवलन अष्ट प्रातिहार्य स्थापना पुण्यार्जक परिवारों द्वारा की गई। विधान का ध्वजारोहण दयोदय गौशाला अध्यक्ष सन्तोष जैन इमलिया एवं प्रदीप जैन प्रबंधक आदिनाथ कालेज द्वारा किया गया। विधान में द्रव्य पुर्णाजक सत्येन्द्र जैन आशीष नजा, शिखरचद किसलवास, महेन्द्र कुमार संतोष सर्राफ, अनिल कुमार जैन जाखलौन,मुकेश जैन सैदपुर,महेश कुमार जैन गौना रहे। विधान की व्यवस्थाओं में प्रभारी सतीश जैन नजा, प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ. अक्षय टडैया, सनत खजुरिया, शीलचंद अनौरा,ज्ञानचंद इमलिया, विनोद कामरा,अखिलेश गदयाना, अक्षय अलया,कपूरचंद लागौन, महेन्द्र जैन मयूर,अनूप जैन कैरू, डॉ. संजीव कडंकी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मुनि अविचल सागर महाराज का विहार ललितपुर की ओर : आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अविचल सागर महाराज का ससंघ विहार इन दिनों ललितपुर के लिए चल रहा है।मुनि श्री का आज सायंकाल ग्राम बांसी में प्रवेश हुआ। मुनि श्री की आहारचर्या आज प्रात:काल दिगम्बर जैन मंदिर बांसी में होगी। दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ. अक्षय टडैया,महामंत्री आकाश जैन के साथ प्रतिनिधिमण्डल ने मुनि संघ का विहार कराया और ललितपुर प्रवेश हेतु श्रीफल अर्पित किया। **-अक्षय अलया**

# राष्ट्र गौरव गणाचार्य गुरुवर श्री विराग सागर जी महाराज को विनयांजलि समर्पित की गई



**जतारा (विश्व परिवार)।** परम पूज्य जतारा नगर गौरव भाव लिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज के दीक्षा गुरु, बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य, राष्ट्र गौरव, राष्ट्र संत, उपसर्ग विजेता, गणाचार्य गुरुवर डॉ. विराग सागर जी महा मुनिराज को श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा के, आचार्य विमर्श सागर सभागार में जैन जैनेतर समाज द्वारा, गुरु गुणानुवाद के माध्यम से विनयांजलि कार्यक्रम संपन्न किया गया।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 4 जुलाई 2024 चतुर्दशी की प्रारंभिक रात्रि 2:30 बजे जालना महाराष्ट्र में, राष्ट्र गौरव जैनाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महा मुनिराज की पूर्ण जागृत अवस्था में उत्तम समाधि संपन्न हुई। परम पूज्य गणाचार्य गुरुवर ने पूर्ण जागृतावस्था में संघ की समुचित व्यवस्था करते हुए, आचार्य पद का त्याग करके, मुनि पद की उत्कृष्ट साधना करते हुए, चारों प्रकार के आहार का त्याग करके निर्विकार रूप से सबसे क्षमा सबको क्षमा बोलते हुए उत्तम समाधि को प्राप्त किया।पूज्य गुरुवर के उपकारों को याद करते हुए, पूज्य गुरुवर के प्रति अपने विनयांजलि भाव, श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए बीती रात 8:00 बजे से श्री विमर्श सागर सभागार में भव्य विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि आचार्य विराग सागर जी महाराज का जन्म 2 मई 1963 को दमोह जिले के पथरिया नगर में श्रेष्ठि श्री कपूर चंद जी (समाधिस्थ मुनि श्री विश्व वंद्य सागर जी) एवं माता श्रीमती श्यामा देवी( समाधिस्थ आर्यिका श्री विशांत मति) के यहां अरविंद कुमार जैन के रूप में हुआ था, 5 वीं तक की लोकिक शिक्षा पथरिया में प्राप्त करने के बाद, सन 1974 में कटनी श्री शांति सागर निकेतन संस्कृत विद्यालय में धार्मिक शिक्षण 6 वर्ष प्राप्त कर 11 तक की लौकिक शिक्षा तथा शास्त्री की परीक्षा उत्तीर्ण की। आपने 20 फरवरी 1980 को 17 वर्ष की उम्र में बुढ़ार में आचार्य श्री सन्मति सागर जी से क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण करके क्षुल्लक पूर्ण सागर बन गए।9 दिसंबर 1983 को औरंगाबाद में आचार्य श्री विमल सागर जी ने मुनि दीक्षा प्रदान करते हुए आपका नामकरण मुनि श्री विराग सागर जी किया, 9 नवंबर 1992 को 29 वर्ष की उम्र में सिद्ध क्षेत्र द्रोणगिरी में आपको आचार्य पद प्रदान किया गया। आपके जीवन में व ङ्क का बहुत अद्भुत संयोग रहा आपके दीक्षा गुरु आचार्य श्री विमल सागर जी, आप, आचार्य श्री विराग सागर जी आपके सभी दीक्षित शिष्यों के नाम भी व ङ्क से प्रारंभ होते है श्रमण परम्परा का यह एक कीर्तिमान हैं कि किसी दीक्षा आचार्य ओर उनके शिष्यों के नाम का प्रथम अक्षर एक समान हो। आपके द्वारा 400 से अधिक दीक्षाएं दी गई है।आपके प्रमुख शिष्यों में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी, आचार्य श्री विमर्श सागर जी, आचार्य विमद सागर जी, आचार्य विभव सागर जी, आचार्य श्री विन्रम सागर जी, आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी आदि हैं, जो सतत जिन धर्म की पताका फहरा रहे हैं, आपने मात्र 61 वर्ष की उम्र में पूर्ण निर्विकार भाव से उत्तम समाधि को वरण किया।

विनयांजलि देने में मुख्य रूप से नगर की ब्रह्मचारिणी महिमा दीदी, सूर्यांशी दीदी, प्रकाश रोशन, किशन पटेरिया, पवन मोदी, सुनील बंसल, नवल सक्सेना, मोना बंसल, चक्रेश जैन अनुज, राजेंद्र राज आदि रहे, कार्यक्रम के अंत में 61 दीपकों द्वारा अनुज भंडारी, अमित, मुकेश बड़े, अंकित पुजारी, सौरभ साहू, सहित संपूर्ण समाज द्वारा भव्य महा आरती संपन्न की गई, जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र टानगा द्वारा सभी का आभार व्यक्त एवं सभा का संचालन जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन द्वारा किया गया। **-अशोक जैन**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमोशन के लिए भटक रहे कई शिक्षक

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले के शिक्षा विभाग की बदतर स्थितिया कब सुधरेगी इसका कोई जवाब किसी के पास नहीं जिले में श्ठ्ठद्ग ह्लद्बद्गद्ग ह्लद्गयड्ड×ह्लद्बश्ठ्ठ के तहत सहायक शिक्षकों को प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति देनी थी विवाद के चलते जिले में पदोन्नती की पहली सूची ही जारी हो पायी है वह भी प्रदेश में सबसे पीछे उसके बाद भी रिक्त पदों पर होने वाली पूरक सूची का कोई अता पता नहीं कई शिक्षकों को परिभ्रमण सूची में रख कर बेवजह पदोन्नति से वंचित रख कर उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा। पदोन्नति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहे,,,,,,कब होगा बता नहीं पा रहे वहीं पिछले एक साल से जिले के मैनपुर ब्लॉक के 59 पदोन्नत प्रधान पाठकों का पदाकन् नहीं कर पाये है। प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पदोन्नति की प्रक्रिया 6माह में पूरी करने का आदेश दिया था परंतु गरियाबंद जिले में उक्त आदेश निर्देश का अनुपालन नहीं हो पा रहा या अधिकारी करना नहीं चाह रहे जवाब कौन देगा जिम्मेदार कौन है किसी को पता नहीं।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17-01-23 को जिले के शिक्षकों की पहली पदस्थापना हेतु काउंसलिंग कराई शिक्षकों ने काउंसिलिंग में भाग लिया परंतु बहुत सारे पदोन्नत प्रधान पाठकों को शिक्षकीय समस्या एकल शिक्षकीय शाला होने के नाम पर आज पर्यन्त कार्यमुक्त नहीं किया गया जिसके कारण गरियाबंद छुरा,मैनपुर ब्लॉक के कई स्कूल में एक साथ दो -दो प्रधान पाठक काम कर रहे सेटअप अनुसार एक शाला में एक प्रधान पाठक का पद स्वीकृत है एक का वेतन आहरण हो सकता है लेकिन दो दो प्रधान पाठकों को एक स्कूल से कैसे वेतन आहरण हो रहा समझ से परे है। जिला शिक्षा कार्यालय गरियाबंद में संलग्नीकरण के नाम पर कई उच्च श्रेणी शिक्षकों को कई शाखाओं में नोडल अधिकारी बनाया गया है परंतु दिखावे के नाम पर संलग्नीकरण समाप्त कर पुन:बिना किसी संलग्नीकरण आदेश के काम लिया जा रहा उक्त शिक्षक न्यायलीन प्रकरण और शिकायत शाखा देख रहे सूत्रों के मुताबिक जिन पर अवैध उगाही व शिक्षकों से कार्यवाही, पदस्थापना अन्य कार्यवाहियों का डर दिखा कर अवैध उगाही की जाती है बिना किसी आदेश के उक्त यू डी टी महेश राम पटेल पूर्व में छ्वस्ष्ट व क्चश्वह्र रह चुका है।

### दिगंबर जैन मंदिर का 50वां स्थापना दिवस कार्यक्रम हुआ संपन्न

**कोरबा।** नगर के बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर का स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम जैन मिलन समिति ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थापना दिवस के एक दिन पहले प्रात: कालीन भगवान आदिनाथ का अभिषेक पूजन कर प्रात: 9 बजे से 24 घंटे के अखंड भक्तांबर पाठ के साथ पूर्ण कर दूसरे दिन भगवान आदिनाथ का भक्तांबर विधान के साथ संपन्न हुआ। तत्पश्चात समस्त जैन समाज द्वारा परम गणाचार्य 108 श्री विराग सागर महाराज को विनियांजलि अर्पित की गई। जिसमें आचार्य के जीवन पर समाज के गणमान्यो ने उनके जीवन शैली त्याग, तपस्या एवं समाज के प्रति अपना उनका योगदान उपलब्धियां के बारे में प्रकाश डाला। जिसमें बताया गया कि आचार्य ने अपने जीवन में लगभग 400 मुनि एवं आर्यकाओं को दीक्षा दी। तत्पश्चात जैन मिलन समिति द्वारा पिछले वर्ष 2023-24 का वार्षिक बजट लेखा-जोखा बजट प्रस्तुत किया गया। मंदिर प्रांगण के विकास हेतु समाज के बीच चर्चा हुई। साथ ही पौधारोपण हेतु समाज के कई लोगों ने अपना योगदान देने हेतु सहमति प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक ओमप्रकाश जैन, डॉ प्रदीप जैन, शांत कुमार जैन, अजीत लाल जैन एवं जैन मिलन समिति के अध्यक्ष जे.के. जैन, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, तरुण नायक, मुकलेश जैन, स्नेहलता जैन, रेखा जैन, अंतिम जैन, ममता जैन, पाटनी परिवार आदि समस्त महिला मंडल की उपस्थिति रहीं।

### बटराली में आयोजित महा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सांसद विधायक ने रोपे पौधे

**कोण्डागांव।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को बटराली में महा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए और पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद भोजराज ने कहा कि पेड़ लगाना पुण्य का काम है, इसलिए पेड़ सभी को लगाना चाहिए। विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाना सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर केशकाल वनमण्डलाधिकारी श्री गुरूनाथन एन., केशकाल के अनुविभागीय दंडाधिकारी अंकित चौहान, उप वनमण्डलाधिकारी केशकाल श्रीमती सुषमा जे नेताम, सहित सभी वन कर्मचारी एवं ग्रामीणों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम से आम, नीम, काजू,आंवला इत्यादि 300 पौधों का रोपण किया गया।

## कलेक्टर नम्रता गांधी पहुंचीं नगरी विकासखण्ड के मसानडबरा

### कमार परिवारों को जनमन योजना का लाभ लेने किया प्रोत्साहित



**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव आज नगरी विकासखंड के कमार बाहुल्य ग्राम मसानडबरा पहुंचकर कमार परिवारों से मिली। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरूआत की हैं। इस योजना के तहत् जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है। आदर्श बसाहटों की तरह कमार बसाहटों को भी विकसित करना है। इन बसाहटां में गार्डन, मंदिर, शेड आदि तैयार किये जाये। कलेक्टर ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति में पिछड़ेपन को दूर कर केवल विशेष जनजाति बनाना है। इसके लिए स्थानीय लोगों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। अपने बच्चों को कम से कम दसवीं तक की शिक्षा देने के लिए प्रेरित करें। महिलाएं और बच्चे कुपोषित नहीं रहे, इसकी ओर भी विशेष ध्यान देना है। आयुष्मान कार्ड सभी का बनाएं, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा, प्रधानमंत्री आवास योजना, सिकलिन की जांच सहित बीमा योजना, मनरेगा के तहत् जॉब कार्डधारियां को रोजगार के अवसर उपलबध कराया जाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् 6 कमार महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् मसानडबरा में निवासरत् 31 परिवारों में से 29 परिवारों के मुखिया के नाम से आवास स्वीकृत किया गया है। इन आवासों के निर्माण कार्य को एक साथ प्रारंभ करने के लिए आज कुड़िया दिवस का आयोजन कर 29 आवासों की एक साथ नींव रखी गयी। कलेक्टर सुश्री गांधी और सीईओ जिला पंचायत सुश्री श्रीवास्तव ने पूरे विधिविधान से नये आवासां का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये और आवास निर्माण में जो राशि आपको प्रदान की जा रही है, उसका सदुपयोग करें।

## महानदी के उदगम स्थल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विधानसभा सिहावा में रोपे गए विभिन्न प्रजाति के 200 पौधे

**जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने ली पौधों को संरक्षित करने की शपथ**

**धमतरी(विश्व परिवार)।** महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट पर आज जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण के महाभियान के तीसरे दिन आज सिहावा विधानसभा में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ श्री श्रीकृष्ण जाधव, पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह, श्री श्रवण मरकाम, एनसीसी, स्काउट-गाइड, डाईट, शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने गणेश घाट के दर्शन किए और साफ-सफाई भी की। इस मौके पर कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की समझाईश उपस्थितों को दी। स्कूली बच्चों के विशेष आग्रह पर कलेक्टर सुश्री गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव और डीएफओ श्री कृष्ण जाधव ने स्कूली बच्चो से संवाद किया। इस दौरान इन स्कूली बच्चों ने जिले के इन वरिष्ठ अधिकारियों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस तरह से किया जाये, प्रतियोगी परीक्षा में कैसे प्रश्न आते है, इस बारे में पूछा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने बताया कि ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सबसे जरूरी है लक्ष्य निर्धारित करना। लक्ष्य पूर्ति के लिए ईमानदारी से मेहनत करना। उन्होने बताया कि आप अभी से ही अपने सामान्य ज्ञान को बढ़ाते रहे, जिससे आगे चलकर इन परीक्षाओं में मदद मिलेगी। उन्होंने इन विद्यार्थियों को स्वाध्याय एप की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों की सहायता के लिए यह एप बनाया गया है। आप सभी अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होने कहा कि आप सभी इतनी तैयारी करें कि अंग्रेजी भाषा आपको समझ में आये। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि अगर किसी कारणवश आपका चयन यूपीएससी नहीं हुआ तो निराश न होवें आगे और भी मौके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाईश दी कि मोबाईल से दूरी बनाए रखें और 25 साल तक की उम्र तक खूब मेहनत करना है। साथ ही खेलों में भी हिस्सा लेना जरूरी है, जिससे कि मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें।

## केंद्रीय वित्त आयोग के दल ने देखी चित्रकोट जलप्रपात की छटा

**चित्रकोट जलप्रपात के अप्रतिम प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत हुआ वित्त आयोग का दल**

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों और अधिकारियों का दल शुक्रवार को जगदलपुर पहुंचा। इस दौरान दल ने बस्तर के विख्यात चित्रकोट जलप्रपात के दूसरी छोर तीरथा पहुँचकर उसकी नैसर्गिक खूबसूरती को करीब से जाना। चित्रकोट जलप्रपात के तीरथा स्थित वॉच टॉवर पर जाकर सभी सदस्यों ने काफी समय तक जलप्रपात को निहारा और उसकी प्रशंसा की। वित्त आयोग के सदस्य श्री अजय नारायण झा, श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ. सौम्यकांति घोष मौजूद थे। टीम के सदस्य श्री अजय नारायण झा ने नदी के उद्गम और संगम स्थल के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की वास्तविक और नैसर्गिक खूबसूरती बस्तर में देखने को मिल रही है जहां प्राकृतिक वातावरण बेहद सुंदर है, जो अपने आप में मिसाल है। श्री झा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के बारे में जितना सुना था, उससे भी कहीं ज्यादा बेहतरीन है। उन्होंने यहां के भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों द्वारा की गई पारंपरिक आवभगत की प्रशंसा की। आयोग के दल ने चित्रकोट जलप्रपात की खूबसूरती को अपने कैमरों में कैद किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे भी उनके साथ थे।

## वाद विवाद प्रतियोगिता एवं छात्र संघ चुनाव में एसडीएम देवेंद्र प्रधान हुए शामिल

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** वाद विवाद प्रतियोगिता, मोबाइल की छात्र जीवन में लाभ एवम हानि एवं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षण व्यवस्था के लाभ एवं हानि, विषयों पर दो वर्गों जूनियर एवं सीनियर क्लासेस के आधार पर आयोजित की गई जिसमें सीनियर सेक्शन में विवेकानंद हाउस एवं जूनियर क्षेत्र में दयानंद हाउस विजय घोषित हुआ।विजय हुए छात्र-छात्राओं को एसडीएम द्वारा बधाई के साथ मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। सीनियर एवं जूनियर वाद विवाद प्रतियोगिता में अरविंदो हाउस उप विजेता रहा। कार्यक्रम के अगले क्रम में छात्र संघ के चुनाव संपन्न किए गए जिसमें मोबाइल एप पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं बैलेट पेपर के द्वारा मतदान कराया गया। कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई जिसमें हेड बॉय मयंक विश्वास तथा हेड गर्ल छाया को विजय घोषित किया गया। साथ ही संस्कृतिक संस्कृत कमेटी के प्रमुख के रूप में अनुष्का प्रजापति हेल्थ कमेटी प्रमुख के रूप में प्राची एवं श्रेयांश, खेल कमेटी प्रमुख के रूप में नीरज नागवंशी ,अनुशासन कमेटी में जगत मंडल एवं दिव्या को घोषित को विजय घोषित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात एसडीम एवम प्राचार्य द्वारा एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय कैंपस में वृक्षारोपण किया गया।

## अपर कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय में कार्यालयीन व्यवस्था सुदृढ़ करने कार्यालय प्रमुखों की ली बैठक

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सभी शाखाओं में बेहतर कार्यालयीन व्यवस्था सुनिश्चित करने,आवश्यक रख रखाव एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने विगत दिवस संयुक्त जिला कार्यालय के सभी कार्यालय प्रमुखों की बैठक ली। उन्होंने सभी शाखाओं में कार्यालयीन व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक कमरों की पूर्णत: साफ-सफाई करने, प्रत्येक कमरों में सामान एवं उपकरणों का व्यवस्थित ढंग से रख रखाव, सभी शाखाओं में फाईलों को आलमारी या रैक में विषयवार पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए। जिससे फाईलों की जरूरत होने पर तुरंत निकाल सके एवं पता चले कि शाखावार विषयवार कितनी फाईलें संधारित हैं व कहाँ पर रखा हुआ है। साथ ही आलमारीवार फाइलों को सूचीबद्ध भी करने के निर्देश दिए। साथ ही अपर कलेक्टर ने सभी शाखाओं के नस्तीबद्ध प्रकरण को 03 दिवस के भीतर अभिलेख कोष्ठ में जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित कार्यालय अधीक्षक एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी कक्षों के बाहर सुस्पष्ट अक्षरों में शाखा का नाम लिखें एवं अंदर संबंधित प्रभारी लिपिक का नाम एवं पदनाम स्पष्ट रूप से टेबल में लिखा होना चाहिए। कार्यालय में जितने भी सामान उपकरण जैसे टेबल, कुर्सी, पंखा, कुलर, ए.सी., कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस स्कैनर आदि को सूचीबद्ध करें तथा पंजी संधारित करें कि कौन से कक्ष में कितना सामान उपकरण उपलब्ध है। कार्यालय परिसर, गैलरी, पोर्च, सीढ़ी , गार्डन, पार्किंग, बाउंड्रीवाल आदि चारों तरफकी पूर्णत: साफ-सफाई कराएं। शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी संबंधित विभागीय कक्ष के बाहर आवश्यक रूप से प्रदर्शित कराएं।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक पानी पहुंचाने की योजना विफल



**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** बलरामपुर रामानुजगंज जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 1500 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन हर घर तक पानी पहुंचाने की योजना फेल होती दिख रही है। जिले में जल जीवन मिशन योजना की स्थिति के आकलन के लिए कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात अपर कलेक्टर के द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बलरामपुर द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में कराए गए कार्यों का परीक्षण, भौतिक सत्यापन करने हेतु 127 गांव के लिए 54 उप अभियंता एवं सहायक अभियंता को आदेशित किया गया है जो 15 दिवस के अंदर सरपंच, पंच की उपस्थिति में पंचनामा सहित सत्यापन प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में करेंगे। गौरतलब है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की विभाग के द्वारा 636 गांव में 97 हजार532 स्टैंड पोस्ट से शुद्ध जल पहुंचना है। लक्ष्य के विरुद्ध 1लाख 32 हजार 856 स्टैंड पोस्ट का निर्माण किया जा चुका है। वहीं पूरे कार्य के लिए करीब 1500 करोड रुपए खर्च हो रहे है। परंतु जहां कार्य पूर्ण भी हो गए हैं वहां भी जल जीवन मिशन का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है वहीं जहां काम चल रहा है वहां कार्य अत्यंत मंथर गति से गुणवत्ताविहीन वहीं हो रहे हैं जिसे लेकर कई जनप्रतिनिधियों के द्वारा आवाज उठाए जा चुका है यहां तक की सरगुजा संभाग के कमिश्नर एवं जिले के कलेक्टर भी जल जीवन मिशन के कार्य को लेकर नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। इस बीच कलेक्टर के अनुमोदन पर अपर कलेक्टर के द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों के आकलन के लिए 54 उप अभियंता एवं सहायक अभियंता को आदेशित किया गया है कि वे 15 दिन के अंदर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बलरामपुर द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में कराए कार्यों का परीक्षण भौतिक सत्यापन सरपंच, पंच की उपस्थिति में पंचनामा सहित सत्यापन प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में करें। अब तक की सबसे बडा भौतिक सत्यापन......... जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर कई बार जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों के द्वारा एक स्वर में जल जीवन मिशन के कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाया एवं जांच की मांग की परंतु जिले में हो रहे जल जीवन मिशन के कार्य में अब तक का सबसे बड़ा भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर आर एक्का ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

### डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डीएलसीसी/जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति व डीएलआरसी/जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की मार्च एवं जून 2024 तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की लक्ष्य प्राप्ति, पीएमजेजेबीवाई , पीएमएसबीवाई बीमा योजना की प्रगति, मुद्रा लोन, पेंशन योजना , पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण के प्रस्तुति और स्वीकृति, अस्वीकृति एवं वर्तमान स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, वर्ष 2023-24 हेतु एनआरएलएम द्वारा आबंटित लक्ष्य एवं प्रगति, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री व्यास ने उपस्थित सभी बैंकर्स को कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों के प्रकरणों का जल्द निराकरण करने को कहा। साथ ही उन्होंने शासकीय योजनाओं से संबंधित सभी ऋ़ण प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत करने को कहा। इस अवसर पर एलडीएम श्री शिबू इपेन, सहायक आयुक्त आदिवासी श्री विश्वनाथ रेड्डी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

# नोवाक जोकोविच के पास फाइनल में अल्काराज़ से बदला चुकाने का मौका

**लंदन( एजेंसी )।** नोवाक जोकोविच शुक्रवार को रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले आठवें विंबलडन खिताब पर कब्जा करने से एक जीत के करीब पहुंच गए, जब उन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी के सपने को सीधे सेटों में समाप्त कर दिया और फाइनल में गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज से बदला लेने का मैच तय किया। दूसरे वरीय सर्बियाई खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 22 वर्षीय इतालवी के खिलाफ 6-4, 7-6(2), 6-4 से जीत हासिल की और अब पिछले साल के फाइनल के ब्लॉकबस्टर रीमैच में अल्काराज से भिड़ेंगे जिसमें स्पैनियार्ड ने पांच सेटों में जीत हासिल की थी। अल्काराज इससे पहले अपने पिछले साल के सेमीफाइनल के रीमैच में रूस के दानिल मेदवेदेव पर 6-7(1), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत के साथ फाइनल में पहुंचे थे। शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले में, जोकोविच ने महत्वपूर्ण क्षणों में बढ़त बनाई और प्रभावशाली रक्षा और निरंतरता के साथ मुसेटी के कोर्ट कौशल को विफल कर दिया। इटालियन ने तीसरे सेट में 0/40, 3-5 से तीन मैच प्वाइंट गंवाए, इससे पहले जोकोविच ने एक ब्रेक प्वाइंट बचाया और दो घंटे और 48 मिनट के बाद अपने 10वें विंबलडन फाइनल में पहुंच गए। अगर 37 वर्षीय सर्बियाई रविवार को रिकॉर्ड-25वीं बड़ी जीत हासिल करते हैं , तो वह विंबलडन इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बन जाएंगे। जोकोविच,एटीपी हेड2हेड श्रृंखला में अल्काराज़ से 3-2 से आगे हैं, उस हार का बदला लेने और रोजर फेडरर के रिकॉर्ड आठ विंबलडन ताज की बराबरी करने के लिए उत्सुक होंगे। खिताबी मुकाबले से पहले सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि मौजूदा चैंपियन को हराने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने की जरूरत होगी। जोकोविच ने कहा, एक युवा खिलाड़ी के रूप में वह एक महान उदाहरण हैं, जिनका जीवन कोर्ट के अंदर और बाहर काफी संतुलित है। उनके परिवार में बहुत अच्छे मूल्य हैं और उनमें काफी करिश्मा है। 37 वर्षीय, जो रोजर फेडरर के आठ विंबलडन पुरुष एकल खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं, को लगता है कि अल्काराज अपने करियर में कई और ग्रैंड स्लैम जीतेंगे। वह इस खेल में हमारे द्वारा देखे गए सबसे महान 21-वर्षीय खिलाड़ियों में से एक है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम भविष्य में उससे बहुत कुछ देखेंगे। वह कई और ग्रैंड स्लैम जीतने जा रहा है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में ऐसा नहीं होगा। जोकोविच ने पिछले साल अल्काराज के खिलाफ फाइनल हार को याद किया और रविवार को एक और रोमांचक लड़ाई की उम्मीद की। जोकोविच ने कहा, वह पहले ही मुझे यहां रोमांचक पांच-सेटर में हरा चुका है। मुझे (रविवार को) उससे कम की उम्मीद नहीं है। एक खिलाड़ी के रूप में वह पूर्ण है। उसे हराने के लिए मुझे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता की आवश्यकता होगी।

# गंभीर टीम इंडिया के लिए परफेक्ट कोच लेकिन दूर करनी होगी ये खामियां

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच की जिम्मेदारी गौतम गंभीर को दी गई है। इसी महीने श्रीलंका दौरे पर वो टीम के साथ जुड़ेंगे और अपना मुख्य कोच का चार्ज संभालेंगे। लेकिन, क्या बिना किसी अनुभव के सीधे कोच की भूमिका में आने वाले गंभीर अपनी जिम्मेदारी निभाने में सफल होंगे? एक खिलाड़ी या कप्तान के तौर आपका अग्रेसिव नेचर आपको सफल कर सकता है, लेकिन जब भूमिका कोच की हो तो आपको अग्रेसिव नेचर नहीं बल्कि शांत और सटीक निर्णय लेने होंगे। अब डर यही है कि कहीं गौतम गंभीर की सबसे बड़ी ताकत टीम की कमजोरी न बन जाए। गंभीर कई बार अपनी बल्लेबाजी के बल पर टीम इंडिया को जीत दिला चुके हैं। वह सफल क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं। उनके पास खेल की गहरी समझ है। किसी भी टूर्नामेंट को कैसे जीतना है, यह गंभीर को आता है, मुश्किल परिस्थिति से निपटने में गंभीर कई बार सफल हुए हैं। वह नॉकआउट मैच के दबाव से निपटना जानते हैं। बतौर खिलाड़ी विश्व कप जीतने वाले गंभीर ने आईपीएल के मंच पर कुल तीन ट्रॉफी जीती है, जिसमें दो बार वो कप्तान थे और एक बार मेंटॉर की भूमिका निभा चुके हैं। इन्हीं सब बातों को देखकर बीसीसीआई ने उन्हें मुख्य कोच चुनने का फैसला किया। मगर, दमदार लीडरशिप क्षमता के लिए मशहूर गौतम गंभीर अपने अग्रेसिव नेचर के लिए थोड़े बदनाम भी हैं। खेल के मैदान पर हमने उन्हें कई बार अन्य खिलाड़ियों से भिड़ते हुए देखा है। हालांकि, इसमें कुछ गलत भी नहीं है एक खिलाड़ी जब मैदान पर अपना बेस्ट देने की कोशिश करता है, तो उसका अग्रेसिव नेचर कभी-कभी थोड़ा ज्यादा झलक जाता है। मगर, जब यही भूमिका टीम के सपोर्टिंग स्टाफ में तब्दील हो जाती है, तो शांत रवैया अपनाना होता है। चाहे आईपीएल टीम टीम लखनऊ हो या 2024 में केकेआर, गंभीर बतौर मेंटॉर भी अपने पुराने अंदाज में नजर आए। आईपीएल ऑक्शन में बिल्कुल शांत नजर आने वाले गंभीर डगआउट में बेहद आक्रामक नजर आते हैं। हर गेंद, हर शॉट पर उनका रिएक्शन आता है। आरसीबी और लखनऊ का मुकाबला तो आप लोगों को याद ही होगा, जब विराट कोहली और नवीन उल हक का मुद्दा उठाकर गंभीर ने बीच मैदान बखेड़ा कर दिया था। लेकिन क्या उनका बतौर मेंटॉर खिलाड़ियों के बीच इस तरह पड़ना सही था ? मौजूदा टीम में कई ऐसे सीनियर प्लेयर्स हैं, जिन्हें लगभग गंभीर जितना ही इस खेल का अनुभव है। ऐसे में उनके साथ तालमेल बिठाना गंभीर के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। वहीं, युवाओं के साथ भी उन्हें अपनी बॉन्डिंग बनानी होगी। ऐसे में क्या गंभीर नेशनल टीम के कोच बनने के बाद अपने नेचर में बदलाव करते हैं, या फिर इस बार भारत एक अग्रेसिव कप्तान नहीं बल्कि अग्रेसिव कोच के नेतृत्व में नए अंदाज में दिखेगा। फायर, एग्रेशन तो हमने गौतम गंभीर में हमेशा देखा लेकिन अब सवाल यह है कि क्या उनकी ये सबसे बड़ी ताकत उनकी कमजोरी बन जाएगी या फिर बतौर कोच गंभीर का हमें अलग अवतार देखने को मिलेगा।

# भारत ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाकर जीता टी-20 विश्व कप : लक्ष्मण



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत के महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने हार की कगार पर पहुंचकर टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के जुझारूपन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का जश्न मनाने का अंदाज साबित करता है कि इस जीत के उनके लिए क्या मायने थे। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 29 जून को बारबडोस में खेले गए फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीता। लक्ष्मण ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे। उसके बाद से जुझारूपन, दृढ़ता और आत्मविश्वास दिखाकर हार की कगार से जीत छीन लेना दिखाता है कि यह टीम कितनी मजबूत है।' उन्होंने कहा, 'सभी ने इतनी मेहनत की थी और जीत के बाद का जश्न इस सफलता के पीछे की बड़ी कहानी कहता है।' बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख लक्ष्मण ने कहा, 'विश्व कप जीतना खास है। जब आप सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलकर ट्रॉफी जीते तो उसके मायने और बढ़ जाते हैं।' उन्होंने कहा, 'सभी ने अपने जज्बात जाहिर किए और इससे पता चलता है कि हर एक खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के लिए यह जीत क्या मायने रखती है। आपने हार्दिक पांड्या को आखिरी गेंद डालने के बाद रोते हुए देखा। रोहित शर्मा को मैदान पर देखा।' लक्ष्मण ने कहा, 'पूरा देश जीत का जश्न मना रहा है। हम छह महीने पहले भी जीत के करीब पहुंचे थे लिहाजा यह जीत खास थी। हमें वनडे विश्व कप जीतना चाहिए था क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ होने के बाद हम फाइनल में हार गए थे।' आम तौर पर सार्वजनिक तौर पर अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं करने वाले द्रविड़ के खुलकर जश्न मनाने के बारे में उन्होंने कहा, 'मैंने उसके साथ इतनी क्रिकेट खेली है और उसे इतने साल से जानता हूं और उसका इस तरह जश्न मनाना। जब आखिरी गेंद डाली गई या टीम के सदस्यों के साथ बातचीत में या ट्रॉफी थामते समय।' उन्होंने कहा, 'रोहित और विराट कोहली ने उसे ट्रॉफी सौंपकर बहुत अच्छा किया और ट्रॉफी थामने के बाद उसने जिस तरह से जश्न मनाया, उससे साबित होता है कि इस जीत के सभी के लिए क्या मायने थे।' लक्ष्मण ने टी-20 प्रारूप में योगदान के लिए विराट, रोहित और रविंद्र जडेजा की तारीफ की। तीनों ने इस प्रारूप को अलविदा कह दिया है। उन्होंने कहा, 'इस खेल के तीन दिग्गजों विराट, रोहित और जडेजा को इस महान खेल में उनके योगदान के लिए मैं बधाई देता हूं। उन्होंने जिस जुनून का प्रदर्शन किया, वह अप्रतिम है। मुझे उम्मी है कि वह दूसरे प्रारूपों में देश का नाम रोशन करते रहेंगे।'

# 'जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया : सचिन



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे कॅरियर का समापन किया। इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने 'पुराने प्रतिद्वंद्वी' की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। एंडरसन (41 वर्ष) ने 188 टेस्ट में कुल 704 विकेट झटके हैं और 32 बार पांच विकेट हासिल करने का कारनामा किया। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया।' उन्होंने लिखा, 'आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढियों को प्रेरित किया है।' तेंदुलकर ने 2013 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एंडरसन को पेशेवर क्रिकेट की भागदौड़ से दूर अपने परिवार के साथ समय बिताने की शुभकामनाएं दीं। तेंदुलकर ने लिखा, 'आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों के साथ शानदार जीवन की कामना करता हूं क्योंकि आप अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण स्पैल (परिवार के साथ समय बिताने के लिए) के लिए तैयार हो रहे हैं।' दोनों ही एक दूसरे का सम्मान करते हैं क्योंकि जब एंडरसन से पूछा गया था कि उन्हें अपने कॅरियर में किस बल्लेबाज को गेंदबाजी करने में मजा आया तो इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने तेंदुलकर का नाम लिया था।

# पाकिस्तान का कोच अब बनेगा टीम इंडिया का बॉलिंग कोच? गौतम गंभीर ने बीसीसीआई को दिया चौंकाने वाला नाम



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टीम इंडिया के नए कोच गौतम गंभीर होंगे, लेकिन सपोर्टिंग स्टाफ का ऐलान होना अभी बाकी है। इसी बीच टीम इंडिया का नया गेंदबाजी कोच बनने की दौर में एक नया नाम सामने आ रहा है, जिसके ताड़ पाकिस्तान क्रिकेट टीम से भी जुड़े हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल भारत के गेंदबाजी कोच बनने की दौड़ में हैं। इस अफ्रीकी पूर्व तेज गेंदबाज को कोचिंग का अच्छा अनुभव है। वह भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजर में हैं। मोर्ने मोर्केल पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के दौरान पाकिस्तान टीम के कोच थे, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ उनका अनुबंध समाप्त होने से कुछ महीने पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। माना जा रहा है कि गंभीर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से गेंदबाजी कोच के पद के लिए मोर्ने मोर्केल पर विचार करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने 2006 से 2018 के बीच 86 टेस्ट, 117 वनडे और 44 टी20 मैच खेले हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के साथ इस मुद्दे को लेकर कुछ चर्चा हुई है, जो अब ऑस्ट्रेलिया में बस गए हैं। गंभीर और मोर्ने मोर्केल आईपीएल में भी एक साथ काम कर चुके हैं। दोनों के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम में अच्छे रिश्ते रहे हैं, जहां गंभीर ने दो साल तक मेंटॉर के तौर पर काम किया। गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल होने और हेड कोच एंडी फ्लावर के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में चले जाने के बाद मोर्ने मोर्केल नए हेड कोच जस्टिन लैंगर के तहत इसी टीम में शामिल रहे। मोर्ने मोर्केल ने अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल दोनों ही क्षेत्रों में एक शानदार कोच की भूमिका निभाई है। 2018 में 39 साल की उम्र में रिटायर होने के बाद, मोर्ने मोर्केल खेल की नई तकनीकों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उनसे अपडेट रहते हैं।

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और छत्तीसगढ़ सरकार ने एसएमई आईपीओ पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का किया आयोजन

**मुंबई।** छत्तीसगढ़ सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 12 जुलाई 2024 को रायपुर में एसएमई आईपीओ ङ्क एसएमई के लिए फंड जुटाने का आशाजनक मार्ग विषय पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के एसएमई प्रमोटरों के चुनिंदा समूह ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम एवं वाणिज्य मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हम अपने राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को विकसित करने और सुविधा प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आज हमने अपने राज्य के एमएसएमई को विकास के अवसरों के लिए पूंजी बाजार का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने और समर्थन देने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ रायपुर में एसएमई आईपीओ पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला आयोजित की। एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग से हमारे राज्य के एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर वांछित दृश्यता और विश्वसनीयता मिलेगी। हम एमएसएमई को फंड जुटाने की प्रक्रिया और स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग के लाभों को समझने में मदद करने के लिए सुविधा प्रदान करेंगे। मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में देश के कुल पूंजी बाजार में छत्तीसगढ़ का योगदान बढ़ता रहेगा। हम भविष्य में भी 3-4 सेमिनार आयोजित करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग सचिव श्री अंकित आनंद ने कहा, आज हमने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ मिलकर अपने राज्य के एमएसएमई को प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने तथा उन्हें एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए एक आकर्षक कार्यशाला का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम को फोकस ग्रुप की कंपनियों ने खूब सराहा और कई प्रमोटरों ने पूंजी बाजार के माध्यम से धन जुटाने के अवसर तलाशने में रुचि दिखाई है। इसके अलावा, राज्य सरकार एनएसई इमर्ज पर लिस्टिंग के इच्छुक एमएसएमई के लिए कुछ प्रोत्साहन संरचनाओं पर काम कर रही है। एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान ने कहा, हम एसएमई क्षेत्र को पूंजी बाजारों के माध्यम से धन तक पहुंच बनाने में सहायता करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। एनएसई इमर्ज ऐसे एसएमई के लिए स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने और भारत की विकास कहानी को बढ़ावा देने में सहायक रहा है। आज, हमने छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से राज्य के एसएमई उद्यमियों के फोकस समूह को शिक्षित करने के लिए एक समृद्ध सत्र आयोजित किया है।

# CMF फोन 1, CMF बड्स प्रो 2 और CMF वॉच प्रो 2 की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली।** लंदन की टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड CMF ने आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12 बजे से बहुप्रतीक्षित CMF फ़ोन 1, CMF बड्स प्रो 2 और CMF वॉच प्रो 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है।

**CMF फोन 1-** CMF फ़ोन 1 अपने सेगमेंट की सबसे बेहतरीन पर्फोर्मेंस प्रदान करता है। यह भारत का पहला फ़ोन है जिसमें मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 5G प्रोसेसर दिया गया है। इस फ़ोन को तेज़, भरोसेमंद और कुशल पावर जैसी खूबियों के साथ नथिंग के साथ मिलकर तैयार किया गया है। 5000 mAh की बैटरी के साथ, यूजर्स इस फ़ोन को एक बार चार्ज करने पर दो दिन तक इसका उपयोग कर सकते हैं। 16 GB तक की रैम के साथ, आप इससे बहुत ही स्मूथ मल्टीटास्किंग का मजा उठा सकते हैं। यह फ़ोन नथिंग OS 2.6 पर चलता है, जो बहुत ही यूनीक और कस्टमाइज करने योग्य एंड्रॉयड अनुभव प्रदान करता है।

इसके दमदार कैमरा सिस्टम में सटीक बोकेह इफेक्ट के लिए एक डेडिकेटेड पोर्ट्रेट सेंसर के साथ सोनी 50 MP रियर कैमरा और 16 एमपी फ्रंट कैमरा दिया गया है। इसमें आसानी से उपयोग करने के लिए चमकदार 6.67 इंच सुपर एमोलेड डिस्प्ले में एक अल्ट्रा-स्मूथ 120 हट्र्ज एडेप्टिव रिफ्रेश रेट दी गई है।

**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर**

**: अल्प कालिन निविदा :-**

एन.आई.टी. क्रमांक / 30 एवं 31 / जि.नि.स./2024-25 कांकेर, दिनांक 10/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 30/07/2024 (सायं 5:00 बजे तक) (रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से )
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि- 01/08/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 05/08/2024 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 12/08/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि 14/08/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30 | पांडरगांव से कोसरोण्डा 3.00 कि.मी. सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य | 353.39 Lakhs | 1.77.000/- | 1st Call |
| 2 | 31 | तुमापाल से कोसरोण्डा तक लंबाई 4.60 कि.मी. मार्ग निर्माण कार्य (पुल-पुलिया सहित) | 787.12 Lakhs | 3.94.000/- | 1st Call |

जी- 242501050/2

कलेक्टर,
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

## शब्द सामर्थ्य -117


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्री |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |


छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
महतारी
वंदन योजना
पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष
₹ 12,000
70 लाख से अधिक माताओं-बहनों
को आर्थिक संबल
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
SAMVAD-40741/1